हरिभूमि
# रायपुर भूमि



हरिभूमि लाइव



# सारनाथ में छठ की भीड़, दरवाजे पर लटककर 24 घंटे का सफर, टॉयलेट में ठूंसा सामान

- स्पेशल ट्रेन के बाद भी छठ पूजा में बिहार जाने वाली ट्रेनों में भीड़ नहीं हुई कम
- भीड़ से यात्रियों को बचाने प्लेटफॉर्म में मौजूद रही आरपीएफ की टीम बिना चैन पुलिंग रवाना हुई ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

दीपावली खत्म होने के बाद छठ पूजा में पटना और बिहार जाने वाली ट्रेनों में इनदिनों मेले के समान भीड़ है। भीड़ से यात्रियों को बचाने प्लेटफॉर्म में आरपीएफ की टीम मौजूद रही। बिना चैन पुलिंग किए ट्रेन को रवाना किया। 7 स्पेशल ट्रेनों के बाद भी सारनाथ में यात्रियों की भीड़ रेलवे कम नहीं कर पाया। मंगलवार को ट्रेन जैसे ही रेलवे स्टेशन पहुंची, प्लेटफार्म में छठ मनाने जा रहे यात्रियों का रेला टूट पड़ा। खासी जद्दोजहद के ▶▶ शेष पेज 12 पर

### रायपुर से 50 फीसदी रिजर्वेशन

रायपुर, दुर्ग से पटना के बीच स्पेशल ट्रेन रवाना हो चुकी है। इस ट्रेन में रिजर्वेशन की बात करें, तो 50 फीसदी रिजर्वेशन रायपुर से हुआ है। जानकारी के अनुसार 1258 सीटों वाली इस ट्रेन में 500 से अधिक बुकिंग रायपुर से है। इनमें स्लीपर, एसी-2 व एसी-3 के यात्री ▶▶ शेष पेज 12 पर

### स्लीपर और एसी कोच में ठसाठस भीड़

रायपुर से उत्तर प्रदेश और बिहार के लिए इनदिनों रोजाना 2 हजार से अधिक लोग ट्रेन में सफर कर रहे हैं। दिन में 3 ट्रेन होने के बावजूद ट्रेनों में वेटिंग सूची 100 से कम नहीं हो रही है। समता, सारनाथ, दुर्ग- कानपुर एक्सप्रेस के स्लीपर, जनरल और एसी कोच में भी ठसाठस भीड़ रही। कन्फर्म ▶▶ शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### स्वामी नरेंद्राचार्य महाराज आज आएंगे

रायपुर। शंकरनगर स्थित बीटीआई मैदान में 6 नवंबर को प्रबुद्धजन सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जगदगुरु रामानंदाचार्य स्वामी



नरेंद्राचार्य महाराज दक्षिणपीठ नाणीज धाम जिला रत्नागिरी महाराष्ट्र का आगमन होगा। यह कार्यक्रम स्व-स्वरूप संप्रदाय, भक्त सेवा मंडल छत्तीसगढ़ द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे शुरू होगा। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में सीनियर लॉयर, रायपुर के मार्गदर्शक सच्चिदानंद उपासने, जिला अध्यक्ष धन्नू लाल देवांगन और पीठ प्रमुख घनश्याम माहेश्वरी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे।

### पैसे के लेनदेन विवाद पर युवक से की मारपीट

रायपुर। उधार पैसों के लेन-देन को लेकर दो युवकों ने एक युवक से मारपीट कर दी। प्रार्थी अब्दुल रब असरूफी ने इसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। प्रार्थी के अनुसार शुक्रवारी बाजार के पास वह किसी काम से गया था। इसी दौरान आरोपी शिवम यादव एवं सोनू यादव वहां मिल गए। दोनों ने उधार दिए पैसे के लेनदेन को लेकर उसके साथ पहले झगड़ा किया।

2.60 करोड़ की लागत से स्थापित, इमरजेंसी से निपटने कोई मॉक ड्रिल नहीं

# आंबेडकर अस्पताल में 14 साल पुराना फायर सिस्टम चलाने वाला टेक्निशियन एक भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

आगजनी जैसी आपात घटनाओं को रोकने आंबेडकर अस्पताल में करीब 14 साल पहले 2.60 करोड़ की लागत से फायर सिस्टम को स्थापित किया गया, मगर उसे चलाने के लिए अब तक एक भी टेक्निशियन की भर्ती नहीं की गई। सिस्टम समय पर काम करेगा अथवा नहीं, इसकी जांच के लिए भी मॉक ड्रिल की आवश्यकता नहीं समझी गई। वाटर स्प्रिंकलर और स्मोक डिटेक्टर एक्टिव है अथवा नहीं, इस बारे में भी कभी ध्यान नहीं दिया गया।

सूत्रों का दावा है कि आंबेडकर अस्पताल में जब फायर सिस्टम बिठाया गया, तो प्रत्येक ओपीडी, वार्ड और ओटी में वाटर स्प्रिंकलर और स्मोक डिटेक्टर लगाया गया था। अगर सिस्टम सही तरीके से काम करता, तो आगजनी अथवा धुआं भरने की घटना में मदद के लिए एसडीआरएफ की जरूरत नहीं पड़ती। 2.60 ▶▶ शेष पेज 12 पर

## वाटर स्प्रिंकलर और स्मोक डिटेक्टर, काम करेगा या नहीं इसकी भी जांच नहीं

### गर्मी में ही मेंटेनेंस पर ध्यान

आंबेडकर अस्पताल के मरीज, चिकित्सक और प्रशासनिक अधिकारी को राहत देने के लिए करीब चार सौ एसी चलाया जाता है। इनके रखरखाव की जिम्मेदारी आधा दर्जन इलेक्ट्रिशयन के भरोसे है, जो ठेका कर्मचारी हैं। आमतौर पर इन इलेक्ट्रानिक उपकरणों का मेंटेनेंस गर्मी के दौरान होता है, मगर एसी का उपयोग सालभर किया जाता है। अस्पताल में सेंट्रलाइज कूलिंग सिस्टम की योजना थी, जो अब तक पूरी नहीं हो पाई है।




### दावे बड़े-बड़े, धरातल पर कुछ नहीं

आंबेडकर अस्पताल में प्रदेशभर से आने वाले मरीजों को बेहतर उपचार सुविधा दिलाने के लिए समय-समय पर कई दावे किए गए थे, मगर अब तक धरातल पर कुछ नहीं आ पाया है। मरीजों और चिकित्सकों की सुरक्षा के लिए यहां सशस्त्र बल की तैनाती किए जाने की योजना थी। इसके साथ ही सीसीटीवी की संख्या बढ़ाने की योजना भी बनाई गई थी। समय बीतने के साथ इन योजनाओं को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया और अस्पताल में दूर-दराज से इलाज के लिए आने वाले मरीज और उनके परिजनों की सुरक्षा की जिम्मेदारी लाठी वाले गिनती के पुलिस कर्मी और गिनती के सुरक्षा जवानों के कंधों पर रह गई।

### शुरू नहीं हुई जांच मशीनें

आंबेडकर अस्पताल में प्रतिदिन आने वाले डेढ़ हजार मरीजों की जांच अभी भी सात सौ की क्षमता वाली पुरानी मशीनों के माध्यम से की जा रही है। यहां बरसों पुरानी एक एमआरआई और एक सीटी स्कैन मशीन के माध्यम से चिकित्सक मरीजों की बीमारी की पहचान का प्रयास कर रहे हैं। कैंसर विभाग की पैट सीटी मशीन जिसे शुरू करवाने के लिए लगातार उच्च स्तर पर दावे किए जाते रहे, जो अब तक कार्यवाही प्रक्रिया से आगे नहीं बढ़ पाई है।

### एसी, कूलर के रखरखाव पर ध्यान नहीं

मरीज और चिकित्सकीय स्टाफ को गर्मी से बचाने के लिए अस्पताल में बड़ी संख्या में एसी, कूलर और पंखों का उपयोग किया जाता है, मगर इनके रखरखाव पर ध्यान नहीं दिया जाता। गर्मी का मौसम आने के दौरान ही काम चलाने के लिए इनकी मरम्मत होती है। बाकी दिनों में विद्युत उपकरण अपने हिसाब से चलते हैं।

### स्वीकृति मांगी गई

फायर फाइटिंग सिस्टम लगाने के दौरान पद स्वीकृत नहीं था। अब आवश्यकता के अनुरूप नए पदों की भर्ती किए जाने की योजना है। इसके लिए शासन से अनुमति मांगी गई है।

**- डॉ. संतोष सोनकर,** चिकित्सा अधीक्षक आंबेडकर अस्पताल

## सरकारी डाक्टरों की निजी प्रैक्टिस बनी सिरदर्द, अब नांदगांव मेडिकल कालेज से इस्तीफे की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- शासकीय कालेज के 20 डाक्टरों ने सामूहिक इस्तीफे की पेशकश की
- डीके अस्पताल के डाक्टर छोड़ चुके नौकरी, दुर्ग में नोटिस पीरिएड

सरकारी डाक्टरों के निजी अस्पतालों में प्रेक्टिस का मामला स्वास्थ्य विभाग के लिए सिरदर्द बनता जा रहा है। अब राजनांदगांव के शासकीय मेडिकल कालेज के 20 डाक्टरों ने इस्तीफे की चेतावनी दी है। पूर्व में इस मसले पर डीके अस्पताल के दो चिकित्सक नौकरी छोड़ चुके हैं और दुर्ग के नौ डाक्टर एक महीने की नोटिस पीरिएड पर काम कर रहे हैं।

आयुष्मान योजना का संचालन करने वाली नोडल एजेंसी निजी अस्पतालों से शपथ पत्र मांग रही है कि शासकीय अस्पताल के डाक्टर उनके संस्थान में सेवा नहीं देते। शपथ पत्र का उल्लघंन होने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी दी जा रही है। इस विभागीय सख्ती का विपरीत असर होने लगा है और सरकारी अस्पताल में काम करने वाले संविदा डाक्टर विभिन्न तर्कों के साथ इस्तीफे ▶▶ शेष पेज 12 पर

### निजी प्रैक्टिस की छूट

एनपीए के मामले में नियम बनाया गया है कि डाक्टर अपने ड्यूटी के बाद के समय में घर अथवा अपने निजी क्लीनिक में मरीजों का इलाज कर सकते हैं। इसके लिए विभागीय स्तर पर वक्त का निर्धारण भी किया गया है, जिसमें ड्यूटी के दिन तीन घंटे और अवकाश के दिन पांच घंटे प्रेक्टिस कर सकते हैं। चिकित्सक पर भी सवाल उठा रहे हैं।

### बातचीत की जाएगी

नांदगांव मेडिकल कालेज से सामूहिक इस्तीफे की जानकारी उन तक नहीं आई है। जानकारी आने पर समस्या का हल बातचीत से निकालने का प्रयास किया जाएगा।

**- डॉ. यूएस पैकरा,** डीएमई

## तीन माह में 13 फीसदी महंगी हुई बिजली, सितंबर में सवा दो फीसदी का इजाफा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- जून में ऊर्जा प्रभार पर शुल्क 0.69 प्रतिशत था वह अब 14.23 प्रतिशत हो गया

प्रदेशभर के बिजली उपभोक्ताओं को लगातार तीसरे माह भी महंगी बिजली का झटका लगा है। सितंबर की बिजली सवा दो फीसदी महंगी हो गई है। जून से लगातार कीमत में इजाफा होने के कारण बीते तीन माह में बिजली की कीमत 13 फीसदी बढ़ी है। जून में जब बिजली ▶▶ शेष पेज 12 पर

### जुलाई से लगातार झटका

नए साल के पहले माह जनवरी में यह शुल्क 6.70 प्रतिशत, फरवरी में 10.12, मार्च में 7.20 फीसदी, अप्रैल में 9.22 और मई में यह घटकर 9.10 फीसदी हो गया। इसके बाद जून में यह सबसे कम 0.69 फीसदी हो गया था। लेकिन इसके बाद जुलाई से लगातार इसमें इजाफा हो रहा है। जुलाई में यह 4.72 फीसदी हुआ। यानी जुलाई में बिजली चार फीसदी महंगी हुई। इसके बाद अगस्त में बड़ा झटका और यह 11.95 फीसदी हो गया। यानी अगस्त में बिजली की कीमत में 7.23 फीसदी का इजाफा हुआ। सितंबर में भी यह इजाफा जारी है और सितंबर में ऊर्जा प्रभार पर शुल्क 14.23 होने के कारण इस माह 2.28 फीसदी बिजली की कीमत बढ़ी है।

## हाईवे मुख्य मार्ग व सर्विस रोड पर भारी वाहन पार्क कर रहे चालक, 38 ट्रक जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर के हाईवे मुख्य मार्गों एवं सर्विस रोड पर भारी गाड़ियों की अवैध पार्किंग सड़क हादसे और ट्रैफिक समस्या का कारण बनी हुई है। इस समस्या को दूर करने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 38 ट्रकों को जब्त करते हुए उनके चालकों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 285 के तहत ▶▶ शेष पेज 12 पर

### यातायात पुलिस की बड़ी कार्रवाई



## सेंट्रल जेल के सामने फायरिंग के बाद पुलिस अलर्ट, बढ़ाई गई सुरक्षा व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर केंद्रीय जेल परिसर गेट के सामने फायरिंग की वारदात के बाद पुलिस प्रशासन भी अलर्ट हो गया है। इस वारदात के बाद जेल प्रशासन द्वारा परिसर में सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस कर्मियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं जेल परिसर के बाहर भी पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है, ▶▶ शेष पेज 12 पर



### थाना पुलिस ने बढ़ाई पेट्रोलिंग

रायपुर केंद्रीय जेल का इलाका गंज थाना क्षेत्र में आता है। फायरिंग की घटना के बाद थाना पुलिस ने भी जेल रोड पर पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ा दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस पेट्रोलिंग तो हर रोज होती है, लेकिन इस घटना के बाद सुरक्षा की दृष्टि से जेल रोड में पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है।

## बिना सफाई और लिपाई पुताई के गुजरी दीपावली 'आत्मानंद' के पास पैसे नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- पिछली सरकार में कलेक्टर फंड से दी जाती थी राशि प्रदेश में हैं 751 आत्मानंद स्कूल

आत्मानंद विद्यालयों की दीपावली इस बार बगैर सफाई और लिपाई-पुताई के ही गुजर गई। स्कूलों के पास मरम्मत तो दूर, साफ-सफाई और नए पेंट के लिए भी पैसे नहीं हैं। इसके अलावा इस सत्र में स्कूलों को चॉक-डस्टर के लिए भी पैसे नहीं मिले हैं। हालात ये हैं कि प्रधानपाठक और शिक्षक अपने पैसों से ही अध्ययन के लिए जरूरी सामग्री ला रहे हैं। दरअसल आत्मानंद स्कूलों को पिछली सरकार में कलेक्टर मद से राशि प्रदान की जाती रही है। इस सत्र में यह राशि अब तक प्रदान नहीं की गई है। कलेक्टर ▶▶ शेष पेज 12 पर

### जून में ही होनी थी मरम्मत

नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के पूर्व जून में ही स्कूलों की मरम्मत होनी थी। लेकिन पैसे नहीं मिलने के कारण इसके बगैर ही नया सत्र शुरू करना पड़ गया। स्कूलों द्वारा संबंधित अधिकारियों को लिख गए खत का जवाब भी अब तक नहीं दिया गया है। कब तक राशि उन्हें प्रदान की जाएगी, इस संदर्भ में कोई अपडेट विभाग द्वारा जारी नहीं किया गया है। दूरस्थ क्षेत्रों के इतर राजधानी रायपुर में भी यही हाल है। गौरतलब है कि पूरे मामले को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा भी सोशल साइट्स पर पोस्ट किया गया था। कई स्कूल अपने स्तर पर वार्षिक समारोह की व्यवस्था करने की तैयारी में है। इसके लिए शिक्षक ही आपस में फंड जुटा रहे हैं।



## खबर संक्षेप



### सड़क कांग्रेस अधिवेशन के लिए राज्यपाल को आमंत्रण

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका से राजभवन में लोक निर्माण के अधिकारियों ने मुलाकात कर उन्हें ऑल इंडिया रोड कांग्रेस के 8वें अधिवेशन के लिए आमंत्रण दिया। छत्तीसगढ़ में पहली बार आयोजित यह अधिवेशन 8 से 11 नवंबर तक साइंस कॉलेज मैदान में होगा, जिसमें देशभर के राज्यों के लोक निर्माण के अधिकारी, कंस्ट्रक्शन विशेषज्ञ, डिजाइनर, स्टेट हाईवे के अधिकारी, तकनीकी संस्थानों के विद्यार्थी आदि शामिल होंगे।

### छठ महापर्व में शामिल होने दिया न्योता



**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका से मंगलवार को राजभवन में छठ महापर्व आयोजन समिति महादेवघाट के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट की और उन्हें छठ महापर्व में शामिल होने का न्योता दिया।

### नए विधानसभा भवन का विहंगम दृश्य लुभा रहा



**रायपुर।** नवा रायपुर में निर्माणाधीन छत्तीसगढ़ के नए विधानसभा भवन का विहंगम दृश्य लोगों को रोमांचित कर रहा है। डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी उद्योग एवं व्यापार परिसर में आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव में लोक निर्माण विभाग के स्टॉल में नए विधानसभा भवन और भिलाई के पॉवर हाउस में निर्मित फ्लाईओवर के मॉडल को प्रदर्शित किया गया है। स्टॉल में इन दोनों निर्माणों से संबंधित जानकारियां भी दर्शाई गई हैं। यहां हाल के वर्षों में लोक निर्माण विभाग द्वारा राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में निर्मित प्रमुख भवनों, सड़कों और पुलों को भी प्रदर्शित किया गया है।

### कनाडा में हिंदुओं पर हमले की सिख समुदाय ने की निंदा

**रायपुर।** कनाडा के मंदिरों में हिंदुओं पर खालिस्तानी समर्थकों द्वारा किए गए हमले की छत्तीसगढ़ का समूचा सिख समाज पुरजोर निंदा करता है, ऐसी अलगाववादी नीतियों का विरोध करता है। सिख समाज छत्तीसगढ़ के संयोजक व गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सुरेंद्र सिंह छाबड़ा ने कहा कि कनाडा में 7 लाख से ज्यादा सिक्ख निवास करते हैं, मुठ्ठीभर अलगाववादियों की इस कायराना हरकत की छत्तीसगढ़ का पूरा सिख समाज निंदा करता है। सिख समाज छत्तीसगढ़ के सुरेंद्र सिंह छाबड़ा, इंदरजीत सिंह छाबड़ा, कल्याण सिंह पसरीजा, तेजिंदर सिंह होरा, गुरमीत सिंह गुरदत्ता, मंजीत सिंह सलूजा, हरजीत सिंह अजमानी, कुलदीप सिंह चावला, भूपेंद्र सिंह मक्कड़, सतपाल सिंह खनूजा, गुरदीप सिंह छाबड़ा ने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई कर गिरफ्तार करने साथ ही ऐसी घटना की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कड़े कानून बनाने की मांग की है।

# बच्चों! पैदल ही चलिए, क्योंकि ये रविवि है... दान में मिला ई-रिक्शा चंद किमी चलकर गुम, भाड़े का भी हिसाब नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि को दान में मिला ई-रिक्शा इन दिनों धूल खा रहा है और छात्र कई किमी की दूरी तय करके अपने विभाग तक पैदल ही पहुंच रहे हैं। दरअसल रविवि द्वारा बीते शैक्षणिक सत्र में ई-रिक्शा सुविधा की शुरुआत की गई थी। इसे रविवि के मुख्य द्वार से अन्य विभाग तक छात्रों के लिए चलाया जाना था। छात्रों से 3 से 5 रुपए की दर से भाड़ा लिया जाना था। रविवि के अन्य वाहनों का संचालन करने वाले वाहन चालकों द्वारा ही इसे चलाया जाना था, लेकिन शुरुआती दिनों में कुछ फेरे के बाद यह छात्रों के किसी काम का नहीं रह गया है। अब इसे सुंदर शो पीस की तरह रविवि कैंपस में खड़ा कर दिया गया है। बाहर से आने वाले छात्रों को इसकी जानकारी ही नहीं है कि इस तरह की कोई सुविधा उनके लिए प्रारंभ भी की गई है। इसके संचालन और भाड़े से होनी वाली आमदनी का ब्योरा रखने के लिए रजिस्टर की भी व्यवस्था शुरुआत में की गई थी, लेकिन अब उसे भी मेंटेन नहीं किया जा रहा है। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, वाहन संबंधित खराबी के कारण बंद पड़ा है।

**खास बातें**

- रविवि के मुख्य द्वार से अध्ययनशालाओं और प्रशासनिक भवन की दूरी है कई किमी
- छात्रों से लिया जाना था 3 से 5 रुपए तक भाड़ा, तय किया गया था रूट और किराया



### बाहरी छात्रों को होती है परेशानी

रविवि के पास 300 एकड़ जमीन है। कुलपति-कुलसचिव निवास, प्राध्यापक कॉलोनी के इतर रविवि अध्ययनशाला तथा प्रशासनिक भवन ही कई एकड़ में फैला हुआ है। अध्ययनशाला में पढ़ाई के अलावा प्रशासनिक भवन में विभिन्न कार्य लेकर छात्र कई जिलों से आते हैं। सार्वजनिक परिवहन साधनों द्वारा उन्हें मुख्य द्वार पर ही उतार दिया जाता है। यहां से संबंधित विभाग तक पहुंचने छात्रों को कई किलोमीटर का रास्ता तय करना होता है। तेज गर्मी अथवा बारिश की स्थिति में उन्हें अधिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

### संस्थाओं से मांगा गया था सहयोग

रविवि ने इसके लिए सामाजिक संस्थाओं से सहयोग भी मांगा था। स्वस्फूर्त होकर एक सामाजिक संस्था द्वारा रविवि को निशुल्क ई-रिक्शा उपलब्ध करवाया गया था। रविवि द्वारा स्वयं की राशि से भी इसके लिए बजट निकालने की तैयारी थी। इस दिशा में अधिक कार्य नहीं किया गया। केवल एक संस्था द्वारा ई-रिक्शा प्रदान किए जाने के बाद अन्य संस्थाओं से ना ही संपर्क किया गया और ना ही अन्य ई-रिक्शा खरीदी के संदर्भ में विचार किया गया।

# महापौर बोले-भाजपा नेताओं को दूंगा कानूनी नोटिस गौरीशंकर ने कहा- धमकी से सच्चाई नहीं बदलेगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

रायपुर सेंट्रल जेल के बाहर हुई फायरिंग के मामले में भाजपा नेता गौरीशंकर श्रीवास द्वारा एक आरोपी की महापौर एजाज ढेबर के साथ फोटो वायरल करने के मामले में महापौर ने कहा, ऐसा करने वाले भाजपा नेताओं को मैं कानूनी नोटिस दूंगा। महापौर के नोटिस वाले बयान पर भाजपा नेता श्रीवास ने कहा, महापौर की ऐसी धमकी से मैं डरने वाला नहीं हूं। उनकी धमकी से सच्चाई नहीं बदलेगी।

महापौर एजाज ढेबर ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, छूरा नाम के किसी घटना के आरोपी के साथ मेरी किसी फोटो को वायरल कर भाजपा के लोगों द्वारा कहा जा रहा है कि वह मेरा गुर्गा है। गुर्गा शब्द का इस्तेमाल करना बेहद आपत्तिजनक है। फोटो वायरल करने वाले भाजपा नेताओं को मैं कानूनी नोटिस भेजने जा रहा हूं। एफआईआर भी कराऊंगा। मैं न तो कोई लारेंस बिश्नोई हूं और न ही मेरी कोई डी या सी कंपनी है। श्री ढेबर ने कहा, यह सही है कि छूरा नाम का वह युवक मेरे वार्ड का है। राजीव आवास अंतर्गत बने मकान में उसका आवास है। फोटो भी मेरी ही है, लेकिन फोटो हो जाने से मैं कोई अपराधी नहीं हो जाता। कोई यह साबित कर दे कि छूरा मेरा गुर्गा है, तो राजनीति से संन्यास ले लूंगा। महापौर होने के नाते मेरे साथ हजार लोग फोटो खिंचवाते होंगे। यह मैं कैसे तय कर सकता हूं कि फोटो खिचवाने वालों में से कौन शरीफ है और कौन अपराधी। मेरे पास भी



एक फोटो है। उस फोटो में छूरा भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सोनू राजपूत के साथ नजर आ रहा है। कोई बता दे कि यह रिश्ता क्या कहलाता है।

### कांग्रेसी कर रहे भाजपा सरकार को बदनाम : श्रीवास

महापौर एजाज ढेबर द्वारा कानूनी नोटिस भेजे जाने के बयान पर भाजपा प्रवक्ता गौरीशंकर



श्रीवास ने कहा, महापौर की इस धमकी से सच्चाई नही बदल जाएगी। राज्य में जितनी घटनाएं हो रही हैं, सबमें कांग्रेसी नेता संलिप्त पाए जा रहे हैं। एक विधायक तो अभी भी जेल में है। उन्होंने कहा, शांतप्रिय छत्तीसगढ़ को कांग्रेस द्वारा प्रायोजित दहशत का गढ़ नहीं बनने दिया जाएगा। सारी साजिशों का अंत करके रहेंगे। मैं सच के लिए हमेशा लड़ा हूं और लड़ता रहूंगा।

### संजय श्रीवास्तव बोले- जेल के बाहर फायरिंग के फरार आरोपी का भी कांग्रेस से कनेक्शन

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, रायपुर सेंट्रल जेल के बाहर हुई फायरिंग के फरार आरोपी के महापौर एजाज ढेबर के साथ फोटो वायरल हो रहे हैं। हर अपराध के पीछे कांग्रेस की संलिप्तता क्यों है, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेश को इस सवाल का जवाब दें।



छत्तीसगढ़ में इन दिनों कांग्रेस और उसके दीगर संगठनों से जुड़े लोग आपराधिक, हिंसक और विभाजनकारी गतिविधियों में संलिप्त पाए जा रहे हैं और कांग्रेस के आपराधिक चेहरे लगातार उजागर हो रहे हैं। श्री श्रीवास्तव ने कहा, कांग्रेस का जो चुनाव चिन्ह पंजा है, लेकिन इस पंजे का दुरुपयोग छत्तीसगढ़ में इतना हो रहा है कि प्रदेश में घटित हो रहे हर एक अपराध के पीछे पकड़े जा रहे अपराधी कांग्रेस या फिर उसके नेताओं के साथ इन्वॉल्व पाए जा रहे हैं। चाहे सूरजपुर की बात करें या बलरामपुर घटना की बात करें, चाहे लोहारीडीह की घटना की बात करें या फिर दामाखेड़ा के कबीरपंथ के आश्रम से जुड़े हालिया विवाद की बात करें, चाहे बलौदाबाजार की हिंसा और आगजनी की बात करें, जिस मामले में कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव आज जेल के सींखचों के पीछे हैं।

### मीनल और मृत्युंजय बोले- कांग्रेस ने महापौर ढेबर को रायपुर दक्षिण के चुनाव से रखा है अलग



रायपुर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, भाजपा पार्षद दल के प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे ने कहा, कांग्रेस न केवल खुद अपने भ्रष्ट आचरण के चलते रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में जनता जनार्दन से मुंह चुरा रही है, अपितु अपने उन जनप्रतिनिधियों को भी चुनाव प्रचार से दूर रख रही है, जिन्होंने अपने कार्यकाल में भ्रष्टाचार की सारी हदें पार कर दी थीं। राजधानी के महापौर एजाज ढेबर को रायपुर दक्षिण चुनावी जिम्मेदारी से दूर कर हाशिये पर डाल देना इसी तथ्य को प्रमाणित करने के लिए पर्याप्त है। श्रीमती चौबे, पार्षद दल प्रवक्ता श्री दुबे ने कहा, महापौर ढेबर की भ्रष्ट करगुजारियों के चलते उन्हें रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव से दूर रखा गया है। ढेबर के कार्यकाल में रायपुर नगर निगम को भ्रष्टाचार का अड्डा बनाकर रख दिया गया था। ढेबर और कांग्रेस की पिछली भूपेश सरकार के राजनीतिक संरक्षण में निगम की कांग्रेस सरकार के रहते निगम में घपले-घोटालों की बाढ़ आ गई थी।

# सड़क, भवन, ईंट, टाइल्स बनाने में फ्लाई एश का उपयोग अनिवार्य, जारी हुआ आदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने आदेश जारी किया है कि राज्य में कोयले की राख (फ्लाई एश) का इस्तेमाल भवन निर्माण, सड़क बनाने ईंट और टाइल्स बनाने के काम के लिए अनिवार्य किया गया है। खास बात ये है कि यह प्रावधन किसी भी थर्मल पावर प्लांट के 300 किलोमीटर के दायरे में होने वाले निर्माण पर लागू होगा। इस संबंध में भारत सरकार के पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने इस साल के शुरू में अधिसूचना जारी की थी और छत्तीसगढ़ सरकार के पर्यावरण संरक्षण मंडल ने इसी आधार पर नगरीय प्रशासन विभाग को निर्देश जारी किया था।

इस मामले में अब संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी निगम आयुक्त, सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों को आदेश जारी किया है। विभाग ने लिखा है कि नगरीय निकाय क्षेत्र के अंतर्गत निर्माण कार्य में राख आधारित उत्पादों तथा भवन निर्माण सामाग्रियों के प्रयोग को अनिवार्य करके उपजाऊ मिट्टी को संरक्षित करने और सड़क बनाने,



सड़क एवं फ्लाई ओवर के रेलिंग बनाने, अनुमोदित परियोजनाओं के निचले क्षेत्रों को भरने में मिट्टी के विकल्प के रूप में राख का इस्तेमाल किया जाना है। ऐसा करने से उपजाऊ मिट्टी एवं प्राकृतिक संसाधन को संरक्षित भी किया जा सकेगा।

### जारी हुआ ये आदेश

ऐसे सभी अभिकरण सरकारी, अर्धसरकारी और निजी जो सड़क बिछाने, सड़क और फ्लाई ओवर के किनारों, तटीय जिलों की सुरक्षा संरचनाओं और लिग्नाईट या कोयला आधारित विद्युत संयत्र से 300 किलो मीटर के रेडियस के भीतर बांधो जैसे निर्माण संबंधी क्रियाकलापों में अनिवार्य रूप से राख का इस्तेमाल किया जाएगा। कोयला या लिग्नाईट आधारित थर्मल प्लांट जिन्होंने ऐसी एजेंसियों को राख उपलब्ध कराने के लिए नोटिस दिया हो जिसके लिए राख और परिवहन की लागत कोयला या लिग्नाईट आधारित थर्मल पावर प्लांट द्वारा वहन की जाएगी।

**पायलट लेंगे कांग्रेस नेताओं की बैठक**

# वार्डों में प्रचार करेंगे पायलट भूपेश, महंत और टीएस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

रायपुर दक्षिण उप चुनाव को लेकर कांग्रेस प्रचार में बड़े नेताओं को उतार रही है। एआईसीसी महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट सहित बड़े नेता वार्ड में जनसंपर्क कर प्रचार करेंगे। बुधवार को दो वार्ड में चुनावी सभा में शामिल होंगे। वहीं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत और पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव 7 से 10 नवंबर तक वार्डों में प्रचार करेंगे। सभी 19 वार्ड तक इन नेताओं का अलग-अलग जनसंपर्क अभियान कराने का कार्यक्रम तय किया गया है। सभी वरिष्ठ नेता पांच-पांच वार्ड में जनसंपर्क करेंगे। रायपुर दक्षिण उपचुनाव के प्रचार अभियान की कमान कांग्रेस के विधायकों और वरिष्ठ नेताओं के हाथों में होगी। क्षेत्र में अब बड़े नेताओं का जमावड़ा दिखाई देगा।



पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, पूर्व अध्यक्ष धनेन्द्र साहू सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं के प्रचार कार्यक्रम तय हो चुके हैं। कांग्रेस हर बूथ पर अपने विधायकों और पूर्व विधायकों की तैनाती कर रही है। चुनाव प्रचार अभियान को एक सप्ताह शेष है। कांग्रेस वार्डों में घर-घर संपर्क करने का अभियान चला रही है। अभियान के तहत अंतिम चरण में वरिष्ठ नेताओं को प्रचार में लगाया गया है। 11 नवंबर को प्रचार थमने के पूर्व कांग्रेस एक बड़ी सभा दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में कर कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाएगी। सभा में सभी बड़े नेता और कांग्रेस के पदाधिकारी शामिल होंगे। अब तक प्रत्याशी और बूथ के प्रभारियों के माध्यम से प्रचार अभियान चल रहा है।

### 253 बूथों में प्रभारियों की नियुक्ति

पार्टी के वरिष्ठ नेता डोर-टू-डोर जाकर प्रचार की कमान संभालेंगे। 7 नवंबर से अधिकांश विधायक अपने-अपने प्रभार वाले वार्डों के बूथों में सक्रिय हो गए हैं। चुनाव संचालन समिति भी इस अभियान की निगरानी कर रही है। चुनाव को और प्रभावी बनाने के लिए कांग्रेस ने एआईसीसी के तीनों सचिवों को 6-6 वार्डों की जिम्मेदारी सौंपी है। कुल 253 बूथों में प्रभारियों की नियुक्ति की गई है, जहां अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई हैं और इनकी मॉनिटरिंग विधायकों द्वारा की जाएगी।

### हर घर तक पहुंचने का प्रयास

कांग्रेस ने वार्डों में कार्यरत प्रभारियों, नेताओं और कार्यकर्ताओं को मतदाताओं से सीधा संपर्क कर रणनीतियों को लागू करने की हिदायत दी गई है। नेताओं को जीत के लिए एकजुट होकर काम करने की नसीहत भी दी गई। कांग्रेस का उद्देश्य है कि प्रचार अभियान के दौरान हर बूथ के हर घर में कम से कम दो बार पहुंचा जाए। कार्यकर्ता क्षेत्र में जाकर मतदाताओं से समर्थन मांग रहे हैं। अभियान के दौरान वरिष्ठ नेता प्रमुख सामाजिक हस्तियों के साथ भी बैठकें कर रहे हैं।

### आज आएंगे पायलट

एआईसीसी महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट बुधवार को दोपहर 1.45 बजे नई दिल्ली से रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। दोपहर 2.30 बजे शहीद पंकज विक्रम वार्ड में चुनावी सभा में शामिल होंगे। शाम 4.30 बजे वामनराव लाखे वार्ड के कुशालपुर दशहरा मैदान रायपुर में चुनावी सभा में शामिल होंगे। रात्रि 8.25 बजे रायपुर से नई दिल्ली के लिये रवाना होंगे।

# राज्योत्सव का समापन आज, उपराष्ट्रपति धनखड़ देंगे राज्य अलंकरण सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ के 24 वें राज्योत्सव का समापन 6 नवंबर बुधवार को होगा। इस अवसर पर उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ समापन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। श्री धनखड़ 36 विभूतियों को राज्य अलंकरण से सम्मानित करेंगे। राज्यपाल रमेन डेका समारोह की अध्यक्षता करेंगे।



- सीएम साय और रमन होंगे विशिष्ट अतिथि

अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह उपस्थित रहेंगे। राज्य अलंकरण समारोह एवं राज्योत्सव के समापन समारोह पर छत्तीसगढ़ की विभिन्न विभूतियों को उनकी उपलब्धियों एवं राज्य के विकास में योगदान के लिए राज्य अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा। इस साल पहली बार राज्योत्सव की शुरुआत 4 नवंबर से हुई है। दरअसल दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाईदूज का पर्व होने के कारण 1 नवंबर की तारीख पर राज्योत्सव नहीं मनाया गया। मंगलवार 5 नवंबर को राज्य के सभी जिलों में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में केंद्रीय मंत्री, राज्य सरकार के मंत्री, सांसद, एवं विधायक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अब 6 तारीख को इस साल के राज्योत्सव का समापन होगा।




Health Town

श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर MD आयुर्वेद (पुणे)
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वस्थ जीवन का राज)
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
Timing- (11-8) by Appointment
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ों में दर्द, मांसपेशियों में दर्द • जकड़न (Stiffness) व नसों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पेरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

डॉ. मनोज अग्रवाला
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुंहासे • सोरायसिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टिकेरिया • फंगल इनफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**//आम सूचना//**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार मोहम्मद इरफान पिता मोहम्मद कलुद्दीन निवासी 118, पुराना कांशीराम नगर मस्जिद के पास, रायपुर छ.ग. ने विक्रेता लक्ष्मीकांत पिता कालीचरण त्रिवेदी निवासी बिलासपुर छ.ग. के हक हित स्वामित्व व आधिपत्य की खुली पड़त भूमि जो कि वाके मौजा मठपूरैना, प.ह.नं. 00061, रा.नि.मं. रायपुर 1 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. मे स्थित है जिसका खसरा नंबर 221/58, सामिल खसरा नंबर 225/45 रकबा 0.0180 हे. अर्थात 2000 वर्गफुट भूमि को खरीदने का पक्का सौदा कर अग्रिम राशि विक्रेता को प्रदान कर दिया है। जिसकी बयनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति, निगम, बीमा, वित्तीय अर्धशासकीय, शासकीय संस्था को उपरोक्त भूमि/ संपत्ति के स्वत्व एवं आधिपत्य के संबंध में कोई भी ऊजर या आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय में मय सुसंगत दस्तावेज आपत्ति 07 दिनों के भीतर प्रस्तुत करे। बाद म्याद की गई कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नही होगा व अवैध व शुन्य माना जावेगा। म्याद अवधि के पश्चात मेरा पक्षकार उपरोक्त संपत्ति का विक्रय प्रतिफल की शेष राशि अदा कर पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होगा। सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 05/11/2024

पी.पी. साहू
अधिवक्ता
आ./नि.- बी 44, सेक्टर 1, एकता नगर गुढ़ियारी रायपुर छ.ग. मो. 9753179751

**न्यायालय तहसीलदार आरंग जिला रायपुर (छ.ग.)**

**-: ईश्तहार :-**

रा.प्र.क्र.अ/6 वर्ष 2024-25
आरंग, दिनांक 22.10.2024
ग्राम आरंग प.ह.नं. 29

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक शंकर दास डागा पिता बल्लभ दास डागा निवासी वल्लभ दास डागा हाउस सेल टैक्स बस्ती गार्डन के पास सेल टैक्स कॉलोनी शंकर नगर रायपुर, जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम आरंग प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. आरंग स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नं. 3378/3, 3378/4/क, 3475, रकबा 17599, 20944, 2614 वर्गफुट कुल खसरा 03 कुल रकबा 41157 वर्गफुट भूमि आवेदक एवं अनावेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख मे दर्ज है। हक त्याग कर्ता द्वारा दिनांक 04/10/2024 Book No- 1 Volume No. 77471 Pages 338 To 360 With Document No. CG-2024-25-106-1-4891 को आवेदक के नाम पर पारिवारिक व्यवस्था के अनुसार हक त्याग किया गया है। हक त्याग के आधार पर आवेदक का नाम आवेदित भूमि पर दर्ज करने हेतु प्रकरण भूईया से दर्ज होकर इस न्यायालय में प्रकरण प्रारंभ किया गया।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 08.11.2024 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 22.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
आरंग

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202410114900081/ ब-121/2024-2025
ग्राम टिकरापारा प.ह.नं. 70
रायपुर, दिनांक 29/10/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कार्तिक राम साहू पिता-जयलाल साहू निवासी-दुर्गा चौक, लालपुर, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) मो.नं.-9977561103 द्वारा इस न्यायालय में डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम टिकरापारा प.ह.नं. 70 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर-637/2 रकबा-1305 वर्गफुट भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम भूमिस्वामी हक में दर्ज है। आवेदक के नाम पर पूर्व में उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका प्रदाय किया गया था, जो कही गुम हो गया है। जिसके संबंध में आवेदक द्वारा संबंधित पुलिस थाना टिकरापारा रायपुर में ऋण पुस्तिका गुम होने के संबंध में सूचना दर्ज कराई गई है। उक्त भूमि आवेदक के हक वो भूमिस्वामी हक की भूमि है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका गुम हो गया है। अतः आवेदक पक्ष द्वारा डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 15/11/2024 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

### भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की पुण्यतिथि पर किया नमन

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका ने राजभवन में आधुनिक असम के सांस्कृतिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले बहुमुखी प्रतिभा के धनी, भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि डॉ. हजारिका का योगदान न केवल असम, बल्कि संपूर्ण भारत की सांस्कृतिक धरोहर को समृद्ध करता है। उनकी विरासत, उनके गीत और उनके कार्य हमेशा हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगें। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव यशवंत कुमार, संयुक्त सचिव हिना अनिमेष नेताम एवं राजभवन के अधिकारियों-कर्मचारियों ने डॉ. हजारिका के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# इस छठ पूजा संदीप ज्वेलर्स से सबसे सही भाव




शुद्धता एवं गुणवत्ता के साथ करें गहनो की खरीदारी

छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं...

मानक पथप्रदर्शक:

# आपका 33 सालों का विश्वास

# संदीप ज्वेलर्स

के साथ

## महोत्सव महीना

नवरात्री से छठ पूजा तक

सोने और चांदी की खरीदी पर

## निश्चित उपहार पायें

चांदी की बनवाई मात्र ₹7

सोना की बनवाई पर 10% छूट

T&C Apply



## त्योहारों के महोत्सव माह में 1 लाख की खरीदी पर निश्चित ₹2024 का लाभ

मूलरतन प्लाजा, सुमीत बाजार के सामने, मेन रोड बीरगांव, रायपुर (छ.ग.)

पिनकोड - 493221, मो . 7694009601

खबर संक्षेप



## बॉयस डबल्स में जसवानी और शाश्वतश्री ने जीती ट्रॉफी

**रायपुर।** राज्यस्तरीय मिनी एवं सब जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में मंगलवार को हुए फाइनल मुकाबलों में रायपुर के ऐरिक जसवानी ने अंडर-11 बॉयस सिंगल्स में रनरअप व बॉयस डबल्स में ऐरिक जसवानी व शाश्वतश्री ने रायपुर के ही पुष्कल देवांगन व रक्षित यादव को हराकर फाइनल विजेता की ट्रॉफी अपने नाम की। यह बैडमिंटन चैंपियनशिप रायपुर के मोवा स्थित आई स्पोर्ट्स में संपन्न हुई।

## असामाजिक तत्वों के आतंक से परेशान, एसएसपी को ज्ञापन



**रायपुर।** सरोना बीएसयूपी कॉलोनी में रहने वाले लगभग 20 गरीब परिवार के लोग असामाजिक तत्वों और आदतन अपराधियों से परेशान हैं। कॉलोनी निवासियों ने जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मीडिया प्रभारी व प्रवक्ता के साथ एसपी ऑफिस पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। कॉलोनीवासियों ने ज्ञापन में बताया कि क्षेत्र के आदतन अपराधियों द्वारा नशे की हालत में आए दिन रास्ता रोककर गाली-गलौच करते हुए विवाद किया जाता है। सामाजिक नेता भगवानू नायक ने कहा, शहर की कानून व्यवस्था अनियंत्रित हो रही है, कानून व्यवस्था को ताक में रखकर और बेखौफ होकर अपराधी घटनाओं को अंजाम दे रहे है और पुलिस कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति करती है, जिस कारण अपराधियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से नूरा सोना, प्रेमशीला निहाल, आरती तांडी, सावित्री तांडी, ममता बारीक, झिरेल महानंद, गायत्री तांडी सहित बड़ी संख्या में बीएसयूपी कॉलोनी सरोना के निवासी उपस्थित थे।

# त्योहारी सीजन में बिके 73 हजार वाहन, आटोमोबाइल सेक्टर में बरसे ढाई हजार करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

त्योहारी सीजन में इस बार हर सेक्टर पर लक्ष्मी जी की कृपा जमकर बरसी है। हर सेक्टर में बीते साल से ज्यादा कारोबार हुआ है। आटोमोबाइल सेक्टर में नवरात्रि से लेकर दीपावली तक 72721 वाहन बिके, वहीं अक्टूबर में 84781 वाहन बिके। यह बीते साल से 63 फीसदी ज्यादा है। बीते साल अक्टूबर में 52260 वाहन बिके थे। इस साल 32 हजार वाहन बिके हैं। अक्टूबर में जो वाहन बिके हैं, उनकी अनुमानित कीमत ढाई हजार करोड़ है। इसमें जहां 17 सौ करोड़ के चारपहिया वाहन बिके हैं, वहीं करीब छह सौ करोड़ के दोपहिया और बाकी अन्य वाहन बिके हैं। त्योहारी सीजन का आगाज नवरात्रि से होता है। वैसे तो वाहनों की बिक्री गणेशोत्सव में लगातार 11 दिनों तक होती है, लेकिन आटोमोबाइल सेक्टर में असली बूम नवरात्रि से ही आता है। नवरात्रि में भी लोग 9 दिनों तक वाहन लेते हैं। इसके बाद पुष्य नक्षत्र और धनतेरस पर सबसे ज्यादा कारोबार होता है। इस बार दोनों शुभ मुहूर्त पर बहुत ज्यादा वाहन बिके हैं।

## अक्टूबर में बीते साल से 63 फीसदी ज्यादा बिके वाहन



### कौन से वाहन कितने बिके

*पूरे अक्टूबर माह में वाहन की बिक्री जमकर हुई है। यह बीते साल से 63 फीसदी ज्यादा है। इस माह जहां सबसे ज्यादा 64893 दोपहिया वाहन बिके, बीते साल ये 38829 बिके थे। वहीं चार पहिया वाहनों में कारों की भी भारी डिमांड रही। इस बार तो सभी डीलरों के पास भारी संख्या में स्टॉक होने के कारण मॉडलों का भी लोचा नहीं हुआ और सबको मनपसंद वाहन भी मिले। कुल मिलाकर 14120 चार पहिया वाहन बिके। बीते साल 8221 चारपहिया वाहन ही बिके थे। इसके अलावा इस साल 1556 तीन पहिया, 2276 लाइट कमर्शियल व्हीकल और 1358 हैवी कमर्शियल व्हीकल भी बिके। जीके होंडा के संचालक पुनीत पारवानी के मुताबिक इस बार दोपहिया वाहनों की बहुत ज्यादा डिमांड रही। बीते सील से इस बार 26 हजार वाहन ज्यादा बिके हैं। इसी तरह से चार पहिया वाहनों की भी ज्यादा डिमांड होने के कारण चार हजार कारें ज्यादा बिकी हैं।*

### बीते साल से ज्यादा बिके

इस बार का त्योहारी सीजन बीते साल से ज्यादा अच्छा रहा। बीते साल से अक्टूबर माह में 32 हजार वाहन ज्यादा बिके हैं।
- **विवेक गर्ग,** अध्यक्ष, फाड़ा छत्तीसगढ़

# शास्त्री बाजार में पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली

**निजी दुकानों के सामने खड़ा करने वाले वाहन चालकों से भी पार्किंग शुल्क वसूलना शुरू कर दिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे स्टेशन के बाद अब शास्त्री बाजार पार्किंग के ठेकेदार और उसके कर्मचारी भी गुंडागर्दी पर उतर आए हैं। पार्किंग में वाहन पार्क करने वालों से जहां मनमाना किराया वसूलने लगे हैं, वहीं विजेता काम्पलेक्स एवं अन्य निजी दुकानों के सामने वाहन खड़ा करने वाले लोगों से भी पार्किंग के नाम पर जबरदस्ती वसूली की जा रही है। इसके कारण आए दिन वाहन चालकों का पार्किंग कर्मियों से विवाद होता रहता है। राजधानी रायपुर के शास्त्री बाजार में फल मार्केट के सामने पार्किंग बनाई गई है। नगर निगम प्रशासन ने इस पार्किंग को ठेके पर दिया हुआ है। प्रति दोपहिया वाहन 5 रुपए तथा तीन एवं चारपहिया वाहन का 10 रुपए पार्किंग शुल्क रखा गया है। यह शुल्क पार्किंग में खड़ी करने वाले गाड़ी चालकों से ही वसूला जाना है, लेकिन पार्किंग के कर्मचारी अब गुंडागर्दी करते हुए मनमाने रूप से निजी दुकानों के सामने खड़ा करने वाले वाहन चालकों से भी पार्किंग शुल्क वसूलना शुरू कर दिया है।



### शिकायत मिलने पर करेंगे कार्रवाई

इस मामले में अभी तक कोई शिकायत मिली नहीं है। चेक कराता हूं। नियम के तहत ही पार्किंग शुल्क लिया जाना है। पार्किंग परिसर से बाहर खड़े वाहन का शुल्क वसूलने का अधिकार पार्किंग ठेकेदार को नहीं है।
- **अबिनाश मिश्रा,** कमिश्नर, नगर निगम रायपुर

### रसीद में ठेकेदार का नाम-हस्ताक्षर एवं दर का उल्लेख भी नहीं

*नगर निगम ने जिस व्यक्ति को पार्किंग का ठेका दिया है, उसके द्वारा नियम का पालन नहीं किया जा रहा। पार्किंग शुल्क की जो रसीद वाहन चालकों को दी जा रही है, उसमें ठेकेदार का नाम और हस्ताक्षर दोनों नहीं हैं। यही नहीं, रसीद में शुल्क की दर का भी उल्लेख नहीं है। इसका फायदा उठाकर कर्मचारी कई वाहन चालक से मनमाना पार्किंग शुल्क वसूल रहे हैं। रसीद में किसी प्रकार की सील भी लगी नहीं है।*

### त्योहार में जमकर वसूली

*दीपावली त्योहार के दौरान धनतेरस से लेकर लक्ष्मी पूजा के दिन तक शास्त्री बाजार में पार्किंग शुल्क के नाम पर आम लोगों से पार्किंग के कर्मियों द्वारा जमकर वसूली की गई। कुछ स्थानीय दुकानदारों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि पार्किंग के कर्मी अब पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली करने लगे हैं। उन्होंने बताया कि त्योहार के दौरान हमारी दुकानों के सामने खड़ा करने वाले कई वाहन चालकों की भी रसीद काटी गई है। विरोध करने पर उनके द्वारा निगम के अधिकारियों का हवाला देते हुए गुंडागर्दी की जाती है।*

### पार्किंग में जगह नहीं फिर भी वसूल रहे शुल्क

*शास्त्री बाजार में सब्जी, फल, रेडीमेड कपड़ा से लेकर विभिन्न व्यावसायिक दुकानें भी हैं। इसके कारण त्योहार के समय में अक्सर शास्त्री बाजार में खरीदारों की भारी भीड़ पहुंचती है। इनमें ज्यादातर लोग वाहन से ही पहुंचते हैं। ये लोग पार्किंग परिसर में जगह नहीं होने या गंदगी पसरी होने के कारण अपनी गाड़ी निजी दुकानों के सामने खड़ी कर खरीदारी करते हैं। इसके बाद भी पार्किंग कर्मचारी इन लोगों की जबरन रसीद काट रहे हैं।*

# केंद्रीय जेल गेट पर फायरिंग मामले में फरार 2 आरोपी सहित 4 गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर केंद्रीय जेल परिसर गेट के सामने युवक पर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों भी इस वारदात में शामिल थे, जो घटना के बाद से फरार थे। पुलिस ने इन दोनों के साथ इनके फरार होने में मदद करने वाले उसके दो साथियों को भी गिरफ्तार किया है। इससे पूर्व पुलिस फायरिंग मामले में दो आरोपियों को घटना वाले दिन ही गिरफ्तार कर चुकी है। इस तरह इस मामले में अब तक 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का मानना है कि इस वारदात में आरोपियों के अन्य साथी के साथ कई सहयोगी भी शामिल हो सकते हैं, जिनके बारे में पता लगाया जा रहा है। रायपुर केंद्रीय जेल परिसर गेट के सामने शेख साहिल पर कट्टे से फायरिंग के मामले में पुलिस ने मुस्तैदी के साथ आरोपियों को गिरफ्तारी किया है। आरोपियों ने सोमवार को दोपहर करीब सवा 12 बजे घटना को



अंजाम दिया था। इस घटना के 12 घंटे के भीतर ही पुलिस ने दो आरोपी शेख शाहनवाज और शाहरुख को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त कट्टा एवं कारतूस का खाली खोखा जब्त किया था। आरोपियों ने पूछताछ में अपने अन्य साथियों के नाम बताए थे, जिसके आधार पर पुलिस ने मंगलवार को अब्दुल शेख गफ्फार उर्फ वादिया 47 वर्ष निवासी रजबंधा तालाब मौदहापारा एवं हीरा छुरा 24 वर्ष निवासी राजीव आवास कालोनी लालगंगा को भी गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी ओड़िशा भागने की फिराक में थे, लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने उन्हें धर-दबोचा। पुलिस ने इन दोनों के साथ उनके भागने में मदद करने का प्रयास करने वाले नरेंद्र जगत निवासी कबीरनगर एवं रवि जाल निवासी आदर्श नगर थाना राजेंद्र नगर को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस को संदेह है कि इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों के और साथी एवं सहयोगी शामिल हो सकते हैं, जिसका पता लगाया जा रहा है।

### आईजी-एसएसपी ने की इनाम की घोषणा

*इस घटना के बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए अधिकारियों के नेतृत्व में 10 अलग-अलग टीम बनाई थी। इस टीम ने 24 घंटों के भीतर ही इस प्रकरण से जुड़े सभी मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। टीम द्वारा त्वरित गति से आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए आईजी और एसएसपी ने टीम का उत्साहवर्धन करते हुए इनाम की घोषणा की है। आईजी ने 25 हजार रुपए एवं एसएसपी ने 10 हजार रुपए देने की घोषणा की है।*

## पेज 9 के शेष

### सारनाथ में छठ की...

बाद किसी तरह यात्री एसी और स्लीपर कोच में दाखिल हुए तो अंदर का नजारा जनरल जैसा था। जनरल कोच में सीट पर पहुंच पाना मुश्किल होने लगा था। दुर्ग से रायपुर पहुंचने तक ट्रेन 60 प्रतिशत पैक हो चुकी थी। इसके अलावा साउथ बिहार और गोंदिया एक्सप्रेस ट्रेन के टॉयलेट में भी यात्रियों ने अपना सामान रख दिया था। मंगलवार को दोपहर तक सारनाथ के सभी कोच का तत्काल में वेटिंग 120 के पार रहा। सामान्य वेटिंग भी केवल स्लीपर में 100 से अधिक थी। वहीं नौतनवा एक्सप्रेस और छठ पूजा स्पेशल ट्रेन में यह हाल है कि प्रतीक्षा सूची में भी आरक्षण नहीं हो रहा था। इसके कारण यात्रियों को परेशानी हुई। स्पेशल के साथ एक- एक फेरे के लिए चलने वाली दोनों ट्रेनों में भीड़ देखी गई।

### रायपुर से 50 फीसदी...

शामिल है। सबसे ज्यादा भीड़ स्लीपर कोच में नजर आई। अधिक स्लीपर कोच के बाद भी यात्रियों के बीच बर्थ को लेकर यात्री जद्दोजहद करते नजर आए। आज भी साउथ बिहार एक्सप्रेस और सारनाथ एक्सप्रेस एक्सप्रेस में वेटिंग 100 के पार रहेगी।

### स्लीपर और एसी कोच...

टिकट के यात्रियों को भी अपनी सीट में पहुंचने के लिए बड़ी मशक्कत करनी पड़ी। जनरल और स्लीपर में यात्री लटक कर पटना तक जाने को तैयार है। जनरल कोच में यात्रियों की भीड़ इतनी हो चुकी है कि एक सीट पर आठ यात्रियों को बैठकर सफर करना पड़ा रहा। आमतौर पर लंबी सीट में 4 यात्री बैठते हैं। यात्रियों की भीड़ होने से ट्रेन से नीचे उतरने वाले यात्रियों को बड़ी मशक्कत करनी पड़ी। ट्रेनों में यह स्थिति 6 दिनों तक और बनी रहेगी।

### आंबेडकर अस्पताल में...

करोड़ के फायर सिस्टम पर इस घटना के बाद सवाल खड़े किए जा रहे हैं। खासकर फायर सिस्टम को चलाने के लिए किसी भी कर्मचारी की भर्ती की तरफ ध्यान नहीं दिए जाने पर भी अंगुलियां उठाई जा रही हैं। इसके साथ ही यहां बड़ी संख्या में विभिन्न स्थानों में फायर इंस्टींग्यूसर लगाए गए हैं, मगर इनकी जांच काफी लंबे समय से नहीं किए जाने की बात सामने आ रही है। साथ ही आवश्यकता पड़ने पर इसके उपयोग करने वाले प्रशिक्षित कर्मचारियों की संख्या बेहद कम है।

### सरकारी डाक्टरों...

की चेतावनी दे रहे हैं। कुछ समय पहले डीके अस्पताल के सुपर स्पेशलिस्ट दो डाक्टरों ने नौकरी छोड़ दी थी। इसके बाद दो अन्य डाक्टर इसकी तैयारी में हैं। दुर्ग के छह विभागाध्यक्ष तथा तीन एसआर इस्तीफे के एक माह के नोटिस पीरिएड में काम कर रहे हैं। इसी बीच राजनांदगांव के शासकीय मेडिकल कालेज के 20 डाक्टरों ने नौकरी छोड़ने की पेशकश रखी है। उन्होंने डीन ने विभिन्न बिंदुओं पर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। डीन को भेजे गए पत्र में विभिन्न बिंदुओं पर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की गई है। इसमें एनेस्थेटिस्ट, पैथॉलाजिस्ट, रेडियोलॉजिस्ट, स्त्री रोग विशेषज्ञ, सर्जन घर में कैसे प्रेक्टिस कर सकते हैं। संविदा आधार पर सेवा देने वाले डाक्टरों का शासकीय स्तर पर कैसा भविष्य होगा आदि सवाल शामिल हैं। सूत्रों का कहना है कि इस तरह की असंतोष की स्थिति अन्य शासकीय मेडिकल कालेज में भी निर्मित होने की संभावना है।

### सेंट्रल जेल के...

ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की वारदात को होने से रोका जा सके।
जेल परिसर में प्रवेश नियम का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश
जेल परिसर में बिना अनुमति के प्रवेश करना प्रतिबंधित है। इसका जेल परिसर के गेट के बगल में सूचना बोर्ड भी लगा हुआ है, लेकिन इसके बाद भी कई बार बिना अनुमति के लोग परिसर में प्रवेश कर जाते हैं। खासकर कैदियों के मिलने के समय पर पुलिस कर्मी भी परिसर में प्रवेश करने वाले व्यक्तियों पर नजर नहीं रख पाते। ऐसे में जेल परिसर में प्रवेश करने वाले लोगों में कोई किसी वारदात को अंजाम देने के इरादे से हथियार आदि लेकर लेकर भी जा सकता है। सूत्रों के अनुसार जेल परिसर गेट पर हुई फायरिंग की घटना को गंभीरता से लेते हुए जेल अधीक्षक ने बिना अनुमति के जेल परिसर में प्रवेश करने के नियम का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश जेल कर्मियों को दिए हैं।
कैदियों के मिलने के समय पुलिस कर्मी भी करेंगे तैनातः उन्होंने बताया कि कैदियों के मिलने का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहता है। इस दौरान यहां कैदियों से मिलने के लिए रिश्तेदार एवं परिचित पहुंचते हैं, जिससे जेल परिसर में बाहरी लोगों का आवागमन ज्यादा होता है। उन्होंने कहा कि पेट्रोलिंग बढ़ाने के साथ जरूरत पड़ने पर एक-दो पुलिस कर्मियों को जेल परिसर गेट के बाहर तैनात भी करेंगे।
विदित हो कि 4 नवंबर को दोपहर में जेल परिसर गेट के सामने बाइक सवार बदमाशों ने जेल में बंद एक बंदी से मिलकर बाहर आ रहे युवक पर फायरिंग कर फरार हो गए थे। हालांकि इस घटना के बाद पुलिस ने मुस्तैदी दिखाकर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन इस वारदात के बाद जेल परिसर और गेट के बाहर सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं।

### हाईवे मुख्य मार्ग...

अपराध पंजीबद्ध किया है। यातायात विभाग के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुराग झा एवं उप पुलिस अधीक्षक गुरजीत सिंह व सुशांतो बैनर्जी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी यातायात टाटीबंध, भनपुरी, पचपेड़ीनाका एवं फाफाडीह ने संयुक्त रूप से विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान रायपुर-बिलासपुर हाईवे मुख्य मार्ग एवं सर्विस रोड पर अवैध पार्किंग में खड़ी भारी गाड़ियों को जब्ती बनाने के साथ उसके चालकों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है। उपपुलिस अधीक्षक गुरजीत सिंह ने बताया कि इस अभियान के दौरान 38 ट्रकों को जब्ती बनाया गया है। उन्होंने बताया कि सभी वाहन को लोकमार्ग में बाधा डालकर खतरनाक एवं असुरक्षित तरीके से खड़ा किया गया था। जिन गाड़ियों को जब्ती बनाया गया है, उनके प्रकरण कोर्ट में पेश किए जाएंगे।

### तीन माह में 13 फीसदी...

का नया टैरिफ जारी हुआ था, तो उस माह की बिजली महंगी न होकर ऊर्जा प्रभार कम होने से कम हो गई थी। अब हर माह बिजली की कीमत तय होने के कारण जून में ऊर्जा प्रभार यानी टैरिफ पर पर जो शुल्क 0.69 प्रतिशत था, वह अब सितंबर में 14.23 फीसदी हो गया है। अब नवंबर में जो अक्टूबर का बिल आएगा, उसमें सितंबर की खपत के हिसाब के अंतर की राशि ली जाएगी। 100 यूनिट तक टैरिफ 3.90 रुपए प्रति यूनिट है। इसमें 14.23 फीसदी के हिसाब से अतिरिक्त पैसे लगेंगे। आगे जितनी खपत होगी उसके टैरिफ के हिसाब से पैसे अतिरिक्त पैसे लगेंगे। प्रदेश में अब तक बिजली उपभोक्ताओं से वीसीए के स्थान पर उत्पादन लागत के अंतर की राशि को उपभोक्ताओं से वसूलने के लिए नया फार्मूला फ्यूल पॉवर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज (एफपीपीएएस) लागू है। सबसे पहले पिछले साल अप्रैल में पहली बार नया फार्मूला लागू होने पर शुल्क 5.30 प्रतिशत लिया गया। इसके बाद मई में 10.29 प्रतिशत, जून में 14.23, जुलाई में 11.43, अगस्त में शुल्क 10.31 प्रतिशत रहा। सितंबर और अक्टूबर में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता के कारण अगस्त का शुल्क लिया गया। बाद में सितंबर और अक्टूबर की कीमत तय होने पर इसका समायोजन किया गया। नवंबर में शुल्क कम होकर 7.04 प्रतिशत हो गया। दिसंबर में यह शुल्क 6.30 प्रतिशत था।

### बिना सफाई और...

फंड से प्रदान की जानी वाली इस राशि से ही स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजनों से लेकर अन्य तरह की जरूरतें पूरी की जाती रही हैं। प्रदेश में इंग्लिश और हिंदी माध्यम मिलाकर 751 स्वामी आत्मानंद विद्यालय हैं। बड़े स्कूलों को 5 लाख रूपए तक की राशि कलेक्टर फंड से दी जाती रही है। कई स्कूलों द्वारा जिला शिक्षा कार्यालयों तथा कलेक्टर कार्यालय को इस संदर्भ में पत्र लिखकर सूचना दी जा चुकी है। विद्यालयों में सामान्यतः दीपावली अवकाश के बाद सांस्कृतिक आयोजन होते हैं।
**प्रैक्टिकल का भी संकटः** शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्मा के अनुसार स्कूलों में प्रायोगिक कक्षाओं के लिए लगने वाली सामग्री के लिए भी इस फंड से खरीदी की जाती है। इसके अलावा संस्थाओं के लिए पुस्तिका सहित कई अन्य खरीदी इस मद से होती है। विद्यालयों में फरवरी से प्रायोगिक परीक्षाएं प्रारंभ हो जाएंगी। इसके पूर्व प्रैक्टिकल कक्षाएं संचालित करना अनिवार्य है।

# एमबीबीएस की 1884 सीटों पर पूरा हुआ एडमिशन, बीडीएस की 97 सीट रह गई खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

करीब डेढ़ माह में पूरी हुई पांच राउंड की काउंसिलिंग में निजी और शासकीय मिलाकर 15 मेडिकल कालेजों में राज्य और प्रबंधन कोटे की 1884 सीटों पर एडमिशन पूरा हो गया है।

■ एमसीसी द्वारा प्रवेश की अंतिम तारीख खत्म, फिलहाल नया आदेश नहीं

इसमें केंद्रीय कोटे से जेएन कालेज को वापस मिली एक सीट भी शामिल है। साथ-साथ चली प्रवेश प्रक्रिया के बाद भी बीडीएस की 97 सीट खाली रह गई हैं और 485 सीटों को विद्यार्थी मिले हैं। एमसीसी द्वारा मेडिकल-डेंटल की यूजी सीटों पर एडमिशन के लिए 5 नवंबर अंतिम तारीख तय की गई थी। फिलहाल उनकी तरफ से नया आदेश जारी नहीं हुआ, इसलिए बीडीएस की शासकीय कालेज की तीन और निजी कालेजों की 94 सीट खाली ही रहने की संभावना है।

राज्य में एक शासकीय और पांच निजी दंत महाविद्यालयों में राज्य और प्रबंधन कोटे की कुल 582 सीटें हैं। इसमें से 485 सीटों पर एडमिशन का काम पूरा हुआ है। स्ट्रे वैकेंसी-2 के दौरान 47 सीटों का आवंटन नहीं हुआ और 50 सीटों पर अलॉटमेंट लेने वाले विद्यार्थियों ने एडमिशन ही नहीं लिया।

### दो कालेज बढ़े थे

*इस बार एनएमसी द्वारा राज्य में दो नए निजी मेडिकल कालेजों को प्रवेश की अनुमति दी गई थी। इन कालेजों के जरिए राज्य में एमबीबीएस की ढाई सौ सीटों का फायदा हुआ था। एडमिशन के दौरान एनआरआई कोटे पर एडमिशन के मामले में विवाद की स्थिति बन गई थी। बाद में हाईकोर्ट के निर्देश पर इस कोटे से प्रवेश लेने वालों की राहत मिली थी।*

## चापर दिखाकर दहशत फैलाते धरा गया आरोपी

**रायपुर।** न्यू राजेंद्र नगर पुलिस आर्म्स एक्ट के मामले में एक व्यक्ति के खिलाफ अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया है। घटना 5 नवंबर को सुबह 11.50 बजे की है। मंगतदान चारण निवासी राजभोग मिठाई दुकान अमलीडीह ने थाने में सूचना दी कि उसके होटल में काम करने वाला मिस्त्री सुरेश यादव चापर हथियार लेकर उसके होटल में काम करने वाले अन्य कर्मचारियों को डरा-धमका रहा है। इस सूचना पर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर आरोपी को चापर के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## बिजनेस साइट

### एसआरयू में अंतर्राष्ट्रीय प्रोस्थेटिक्स और ऑर्थोटिक्स दिवस मनाया गया

**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी ने अंतर्राष्ट्रीय प्रोस्थेटिक्स और ऑर्थोटिक्स (पी एंड ओ) दिवस बड़े धूमधाम से मनाया। यह दिन दिव्यांग व्यक्तियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने में कृत्रिम अंगों और आर्थोसिस की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानने तथा इस क्षेत्र में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पी एंड ओ सेवाओं को सुलभ और समान बनाने के महत्व को उजागर करना था, खासकर संसाधनों और आउटरीच में सुधार की आवश्यकता को समझना। कुलपति प्रो. एसके सिंह ने कहा कि इस पहल से युवाओं को एक नई




दिशा मिलेगी, जहां वे इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने के साथ-साथ समाजसेवा भी कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में 200 से अधिक विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं और प्रोफेसर्स ने ऑनलाइन माध्यम से भाग लिया। विशेष अतिथि डॉ. स्वागतिका मिश्रा, डॉ. रंजीत कुमार, डॉ. एमसी दास, डॉ. राजीव वर्मा और डॉ. रविका पाचाल ने अपने विचार साझा किए।

### वी-वाई अस्पताल में ऊपरी जबड़े की जटिल ट्यूमर सर्जरी

**रायपुर।** वी-वाई हास्पिटल में 36 वर्षीय पुरुष मरीज का सफल इलाज किया गया। दरअसल जांजगीर चांपा निवासी मरीज ऊपरी जबड़े के एक दुर्लभ और खतरनाक ट्यूमर अमेलोब्लास्टोमा से पीड़ित था। इस ट्यूमर ने चेहरे पर सूजन और बाईं नाक को पूरी तरह से अवरुद्ध कर दिया था। जब तक मरीज वी-वाई अस्पताल पहुंचा, तब तक यह ट्यूमर आंखों की हड्डी और मस्तिष्क के ठीक नीचे तक फैल चुका था। मरीज का इलाज एक विशेषज्ञ ट्यूमर बोर्ड द्वारा किया गया, जिसमें ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. पीयू सक्सेना और डॉ. जैन शामिल थे। इस सर्जरी को डॉ. जैन ने अंजाम दिया, जबकि पुनर्निर्माण टीम में डॉ. गुरपाल छाबड़ा और डॉ. श्रुति पांडे भी शामिल थे।





02

नहाय खाय...अरवा चावल, चना दाल...

लाइव इवेंट

## 'पर्यटन मित्र' व 'पर्यटन दीदी' बनकर लोगों को बताएंगे छग का इतिहास



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ नोडल कार्यालय और राज्य पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में भारत सरकार द्वारा संचालित 'पर्यटन मित्र' और 'पर्यटन दीदी' की शुरुआत प्रदेश में की गई। इसका मुख्य उद्देश्य पर्यटकों को स्थानीय लोगों से जोड़ना है। वे विभिन्न क्षेत्रों में राजदूत व कहानीकार के रुप में अपनी भूमिका निभाएंगे। इसके अंतर्गत प्रदेश के अलावा मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, बिहार, मिजोरम, राजस्थान के 50 से अधिक शहर जुड़े हैं। छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के उपमहाप्रबंधक संदीप ठाकुरने संबोधन में कहा, स्थानीय लोगों को कहानीकार और देखभाल करने वाले के रूप में कार्य करने की आवश्यकता है, जो सशक्त बनकर गंभीरतापूर्वक जिम्मेदारी निभा सकें। पर्यटन मित्र और पर्यटन दीदी प्रशिक्षण कार्यक्रम से लोगों के एक साथ जुड़कर कार्यकरने में मदद मिल रही है।

### विकास में स्थानीय निवासी महत्वपूर्ण

छत्तीसगढ़ नोडल कार्यालय के प्रबंधक मयंक दुबे ने जानकारी साझा करते हुए कहा, पर्यटन मित्र और पर्यटन दीदी अभियान के अंतर्गत स्वच्छता, सुरक्षा और ग्राहक सेवा में कौशल निर्माण के माध्यम से प्रतिभागियों को सशक्त किया जा रहा। किसी भी पर्यटन स्थल के विकास में स्थानीय निवासियों की बड़ी महत्ता होती है। जिसमें वह यात्रा के शुभारंभ से लेकर अनेक स्थानों में भ्रमण करने के लिए स्थानीय निवासियों से संवाद करता है।

आराधना

## परिस्थितियों का सामना करने राजयोग से मिलती है शक्ति



**रायपुर।** राजयोग श्रेष्ठ योग पद्धति है, इससे विपरीत परिस्थितियों का सामना करने में मदद मिलती है, विदेशियों को यह काफी आकर्षित करती है। ये बातें प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के जापान एवं फिलिपीन्स स्थित सेवाकेंद्रों की इंचार्ज ब्रह्माकुमारी रजनी दीदी ने शांति सरोवर रिट्रीट सेंटर में अपने अनुभव सुनाते हुए कहे। वह इन दिनों जापान से खास छत्तीसगढ़ में ब्रह्माकुमारी संस्थान की सेवाओं को देखने के लिए यहां आई हुई हैं। आगे वह भिलाई, दुर्ग और राजनांदगांव भी जाएंगी। उन्होंने आगे बताया कि जापान में बहुतांश लोग बौद्ध धर्म को मानने वाले हैं। वे लोग ईश्वर को नहीं मानते। ऐसे देश में उनको हिंदू फिलॉसफी को समझाना कठिन होता है।

### विदेश में सिखाना पड़ता है शाकाहारी भोजन बनाना

उन्होंने कहा, भारत में अधिकतर लोग रामायण, महाभारत और गीता सहित अन्य शास्त्र का अध्ययन करते हैं, अतः उन्हें आध्यात्मिक ज्ञान सुनाना और उनकी सेवा करना आसान होता है, लेकिन विदेश में जहां की संस्कृति रहन-सहन और खानपान सबकुछ भिन्न होता है, वहां पर हमको सप्ताह कोर्स कराने में बहुत मेहनत करनी पड़ती है। इसमें काफी समय लग जाता है। इतना ही नहीं, वहां ज्ञान पर सुनाने के साथ-साथ लोगों को शुद्ध शाकाहारी और सात्विक भोजन बनाना भी सिखाना पड़ता है। इस अवसर पर रायपुर के बाल कलाकारों ने ब्रह्माकुमारी रजनी दीदी के स्वागत में जापान और भारत की संस्कृति को मिलाकर बहुत ही मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

सिटी इवेंट

## होम वोटिंग कल तक, बुजुर्ग-दिव्यांग वोटर्स के घर पहुंचा मतदान दल

**रायपुर।** दक्षिण विधानसभा उप निर्वाचन 2024 के तहत मंगलवार से होम वोटिंग शुरू हो गई है। मतदान दल अब 85 से अधिक उम्र के बुजुर्गों एवं दिव्यांगों के घर पहुंचकर वोटिंग करा रहा है। होम वोटिंग 5 से 7 नवंबर तक की जाएगी। इस कड़ी में मतदान रथ मालवीय रोड स्थित 98 वर्षीय विटाना गुप्ता के पहुंचा। उन्होंने अपने घर पर ही बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान किया। वे बताती हैं कि वे हमेशा से निर्वाचन के दौरान मतदान करती रही है। उम्र अधिक होने की वजह से अब मतदान केंद्र तक जाने-आने में काफी दिक्कतें होती है। ऐसे में भारत निर्वाचन आयोग की ओर से शुरू की गई होम वोटिंग की सुविधा लाभदायी है।



### असमर्थ थे जाने में

दिव्यांग मतदाता टिकरापारा निवासी हेमंत बर्छिहा ने भी अपने घर पर मतदान किया। वे बताती हैं कि चलने-फिरने में बहुत तकलीफें होती है। ऐसे में मतदान घर पर होना बहुत ही अच्छी बात है कि दिव्यांगों को मतदान के लिए दिक्कतें नहीं होगी। भारत निर्वाचन आयोग का भी बहुत-बहुत धन्यवाद करती हूं कि घर पर ही मतदान करने का अवसर प्राप्त हुआ। वे बताती है कि पहले निर्वाचन के दिन में मतदान केंद्र तक आने-जाने में असमर्थता होती थी, लेकिन घर पर मतदान करके बहुत खुशी मिली। नयापारा निवासी रूकमणी तिवारी ने भी अपने घर पर मतदान किया। वे बताती है कि उम्र अधिक होने से मतदान केंद्र में आने-जाने में दिक्कत होती थी, लेकिन घर पर आज मतदान दल पहुंचा और तत्काल मतदान सफल रूप से हो गया।



# हर किसी को नहीं मिलता यहां प्यार जिंदगी में...

## प्लेबैक सिंगर नीति मोहन ने राज्योत्सव के दूसरे दिन दी लाइव प्रस्तुति

ठंडी फिजा में जब प्यार के नगमों की सुरीली आवाज दर्शकों के कानों तक पहुंची, सुनने वाला तो हर कोई बेसुध हो गया। मौका था राज्योत्सव में सिंगर नीति मोहन की लाइव प्रस्तुति का, जिसमें नीति ने प्यार भरे नगमों और क्लासिकल संगीत से श्रोताओं को कायल कर दिया। कार्यक्रम में नीति ने अपने हिट सॉन्ग हर किसी को नहीं मिलता प्यार जिंदगी में... से धमाकेदार एंट्री की। पहले गाने से ही दर्शकों ने अपनी जगह पर झूमना शुरू कर दिया, जो एक घंटे से अधिक समय तक जारी रहा।

**रायपुर।** नीति ने इसके बाद कभी रोमांटिक तो कभी पार्टी गानों से दर्शकों को उत्साह बनाए रखा। इस दौरान जब इश्क वाला लव...गाने की धुन बजाना शुरू हुआ तो दर्शकों ने इस गाने को कैमरे में कैद किया। इस गाने पर कोई आंखें बंद करके गीतों में खोया हुआ था तो कोई गीतों पर झूम रहा था। इसके अलावा तू खींच मेरी फोटो.., मोहब्बत बुरी बीमारी... गाने में नीति भी मंच में दर्शकों का उत्साह बढ़ाने डांस करती नजर आई। प्रस्तुति के दौरान नीति ने दर्शकों से फरमाइश गानों की जानकारी ली और प्रस्तुति से सभी का दिल जीत लिया।



### पंजाबी गीतों से मचाया धमाल

लाइव प्रस्तुति में नीति ने हिंदी के साथ-साथ पंजाबी गीतों की प्रस्तुति से दर्शकों को खूब नचाया। इस दौरान मस्ती और पार्टी सांग के बाद दर्शकों के बीच से 'वंस मोर' की गूंज सुनाई देती रही। जिया जिया रे.., इंडिया वाले.., बैंग-बैंग टाइटल ट्रैक... जैसे गीत प्रस्तुत किए तो श्रोता झूमते नजर आए। देर रात तक चले इस कार्यक्रम के पहले नीति मोहन ने पंजाबी गीतों पर जमकर धमाल मचाया। 'हर किसी को नहीं मिलता..' गाने को लोगों ने खूब सराहा। इसके साथ ही पान बनारस वाला.., जीने के चार दिन.., राधा तेरी चुनरी.., पूरा लंदन ठुमकदा... जैसी गीतों पर दर्शकों ने लगातार डांस किया।

### मॉडल में विकसित छत्तीसगढ़



राज्योत्सव में छत्तीसगढ़ के विकास पर विभिन्न मॉडल तैयार किया गया है, जिसमें सड़क, भवन और विभिन्न विकास योजनाओं को प्रदर्शित किया है। इन मॉडल के जरिए आने वाले समय में छत्तीसगढ़ के विकसित राज्य की छवि देखे रहे हैं। आम लोगों को राज्य की प्रमुख सिंचाई योजनाओं के बारे में जल संसाधन विभाग द्वारा सिंचाई योजनाओं से संबंधित आकर्षक मॉडल बनाया गया है। इसके माध्यम से राज्य में जल संसाधन के प्रबंधन और सिंचाई क्षमता के विस्तार की जानकारी भी दी जा रही है।

### आज पवनदीप व अरुणिता देंगे प्रस्तुति

राज्योत्सव के अंतिम दिन अनुराग स्टार नाइट के अलावा इंडियाज गॉट टैलेंट की मल्लखंभ विजेता टीम दूसरी प्रस्तुति देगी। सिंगर पवनदीप व अरुणिता अपनी लाइव प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम शाम 6 बजे से शुरू होगा, जो रात 11 बजे तक जारी रहेगा।

### गोबर की चप्पल कर रही आकर्षित

लोग देर रात तक यहां विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन करते हुए खरीदारी भी कर रहे हैं। यहां गोबर का चप्पल आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, जिसे बीपी को कंट्रोल करने में सहायक बताया जा रहा है। बस्तर आदिवासी के स्टॉल में यह चप्पल उपलब्ध है। इसकी कीमत 500 तक है। इसके अलावा महुआ, मछली, कटहल से बने आचार की लोग जानकारी ले रहे हैं। छत्तीसगढ़ फल और फूल समेत अन्य वनस्पतियों से बनी खाद्य सामग्री राज्योत्सव में देखने को मिल रही है। इसके अलावा लोग कोसा उत्पादन की विस्तृत जानकारी लेने नजर आए, जिसके बताया गया कि किसी तरह साड़ी या फिर रस्सी कोसा से तैयार किया जा सकता है।





### 30 हजार दर्शक

लाइव कंसर्ट देखने 30 हजार से अधिक दर्शक पहुंचे हुए थे, जिसे देखते हुए नीति ने सभी वर्ग के लिए गानों की प्रस्तुति दी। 90 दशक के पुराने गीतों के साथ बॉलीवुड ने नए गानों की प्रस्तुति से कार्यक्रम में समां बांधे रखा। एक घंटे से अधिक चले कार्यक्रम में नीति के रोमांटिक गानों के बाद जमकर तालियां बजी।



### छत्तीसगढ़ी गीतों ने बांधा समां

नीति मोहन से पहले सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोक कलाकार आरु साहू व राजेश अवस्थी ने लोक गीतों की प्रस्तुति से छत्तीसगढ़ की संस्कृति व कला की छटा बिखेरी। इस दौरान ददरिया गीत आकर्षण का केंद्र रहा। वाद्ययंत्रों के साथ छत्तीसगढ़ी में इस गीत ने लोगों को खूब नचाया और मंत्रमुग्ध भी किया। गौरा-गौरी गीत संग राउत नाचा के दोहे ने लोगों में उत्साह संचार किया। इसके बाद फाग गीतों के रंग छलके। मुख मुरली बजाए... गीत पर दर्शक खुद को झूमने से रोक नहीं पाए। कार्यक्रम में लोकप्रिय गीत 'बटकी म बासी चुटकी म नून गावत हव ददरिया कान देके सुन' की प्रस्तुति ने पूरे माहौल में तरंग घोल दी।



राज्योत्सव के दूसरे प्रस्तुति देने बॉलीवुड सिंगर नीति मोहन पहुंची राजधानी

# कलाकारों को हत्या की धमकी देना गलत इंडस्ट्री में सभी को काम करने का अधिकार

**रायपुर।** अपनी दिलकश आवाज से लोगों के दिलों में जगह बना चुकीं बॉलीवुड सिंगर नीति मोहन मंगलवार को राज्योत्सव के दूसरे दिन प्रस्तुति देने राजधानी पहुंचीं। इस दौरान प्रेसवार्ता में उन्होंने छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक खूबसूरती की जमकर तारीफ की। नीति ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भूमि बेहद पवित्र है, क्योंकि राज्य 50 प्रतिशत वनक्षेत्र, शुद्ध जल और हवा के साथ भरपूर है। भगवान राम ने अपने वनवास के 10 वर्ष छत्तीसगढ़ में गुजारे थे। यहां आने का मौका मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। भविष्य में जब कभी मुझे छत्तीसगढ़ी में गाने का मौका मिलेगा, तो मना नहीं करूंगी। इसके अलावा नीति ने कहा कि महिला कलाकारों को अपनी जगह बनाने में वक्त लगता है। हम तीनों बहनें अलग-अलग क्षेत्र में हैं और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ रही हैं। बीते कुछ सालों से इंडस्ट्री में काफी प्रभावशाली महिलाएं आ रही हैं। सभी को खूब बधाई देती हूं।

### सच्चे मन और दिल से करें मेहनत

बॉलीवुड इंडस्ट्री से जुड़े कलाकारों को लॉरेंस बिश्नोई गैंग से लगातार मिल रही धमकियों पर नीति ने कहा कि सभी को अपना काम करने का अधिकार है। मुझे अभी तक ऐसी कोई धमकियां नहीं मिली है। मेरा मानना है कि ऐसा किसी के साथ भी नहीं होना चाहिए। यह पूरी तरह से गलत है। इसकी निंदा करती हूं। आज हर कलाकारों को खुद को स्थापित करने में काफी वक्त लग रहा है। हर कोई अपना काम बेहतर करने के लिए मेहनत कर रहे हैं। इंडस्ट्री में सफल होने के लिए सच्चे मन और दिल से आपको अपने काम से जुड़कर मेहनत करनी होगी।

### अच्छा दिखने के लिए सेहत पर दें ध्यान

नीति ने अपनी फिटनेस को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि अगर आपको लगता है मैं फिट हूं तो इसकी एक ही वजह है कि मैं अपनी फिटनेस पर अधिक ध्यान देती हूं। लोगों के बीच आपको अच्छा दिखना है, तो आपको प्राथमिकता से सेहत पर विशेष ध्यान देना होगा। इसे ही सुंदरता का राज भी कह सकते हैं। नीति ने कहा कि छत्तीसगढ़ काफी बदल गया है। विकास तेजी हो रहा है। संगीत को लेकर यहां काफी संभावनाएं हैं।





# नहाय खाय...अरवा चावल, चना दाल, लौकी की सब्जी आंवले की चटनी का भोग, सुकर्मा योग में खरना आज

राजधानी में चार दिनों तक चलने वाले छठ महापर्व की शुरुआत मंगलवार को नहाय खाय की रस्म से की गई। पूरी पवित्रता के साथ अरवा चावल, चना दाल, लौकी व कद्दू की सब्जी और आंवले की चटनी आदि का भोग लगाकर प्रसाद तैयार किया गया। इस साल खरना के दिन सुकर्मा योग बना है। उस दिन सुकर्मा योग प्रातःकाल से लेकर सुबह 10 बजकर 51 मिनट तक रहेगा। उसके बाद धृति योग प्रारंभ होगा, जो पूर्ण रात्रि तक होगा। खरना वाले दिन मूल नक्षत्र प्रातःकाल से लेकर दिन में 11 बजे तक है।



तालाब में वेदी का निर्माण

**रायपुर।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की शुरूआत मंगलवार को नहाय खाय से हुई। इस पर्व समापन 8 नवंबर को भगवान सूर्यदेव को द्वितीय अर्ध्य के साथ होगा। छठी मइया की विधि-विधान से पूजा अर्चना और भगवान सूर्यदेव की उपासना के इस महापर्व के दूसरे दिन खरना और तीसरे दिन सूर्यदेव को प्रथम अर्ध्य दिया जाएगा। राजधानी के खारुन नदी स्थित महादेवघाट तट, बिरगांव के ब्यास तालाब सहित शहर के अन्य तालाबों किनारे पूजा के लिए वेदी का निर्माण के साथ ही सफाई व्यवस्था में नगर निगम जोन 8 की जोन गैंग को लगाया गया है। सफाई कर्मचारी मंगलवार को घाट से कचरा उठाते नजर आए। इसके साथ ही छठ पूजा महापर्व आयोजन समिति के पदाधिकारी भी घाट की सफाई व्यवस्था में जुटे हैं।

### मुंबई, लखनऊ सहित छत्तीसगढ़ी कलाकार देंगे प्रस्तुति

छठ महापर्व को उत्साह के मनाने आयोजन समिति ने राजधानी के महादेवधाट स्थित कार्यक्रम स्थल पर मुंबई, लखनऊ सहित छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय कलाकारों को आमंत्रित किया है। जो कि छठ पूजा के अवसर पर छठी मइया की स्तुति में भक्तिमय सुरीले गीत व भजन प्रस्तुत करेंगे। 7 नवंबर को मुंबई अंतर्राष्ट्रीय लोकगायिका कल्पना पटवारी और गायत्री यादव का कार्यक्रम रखा गया है। इसी दिन रंजीतानंदन मिश्र के नेतृत्व में खारुन महाआरती का भव्य कार्यक्रम आयोजित होगा। आयोजन समिति अध्यक्ष राजेश सिंह ठाकुर ने बताया कि छत्तीसगढ़ में रायपुर के अलावा बिलासपुर, दुर्ग, भिलाई, कोरबा, बस्तर सहित अन्य शहरों में भगवान सूर्यदेव की उपासना का पारंपरिक पर्व उत्साह के साथ मनाने की तैयारी है। छठ महापर्व समरसता का संदेश देता है।





### तालाबों में नजर आई भीड़

छठ के दौरान शहर के विभिन्न तालाबों में व्रती महिलाओं की भीड़ नजर आई, जहां वे नहाय-खाय की रस्म करती दिखी। इस दौरान शहर स्थित महादेव घाट, हीरापुर तालाब, सड्डू तालाब, व्यास तालाब में श्रद्धालुओं की भीड़ भारी संख्या में नजर आई। छठ पूजा से 15 दिन पहले ही घाट में रंग-रोगन व साज सज्जा का कार्य प्रारंभ किया जा चुका था, जिसे अब पूर्ण रुप से तैयार किया जा चुका है।

### आज करेंगी खरना

छठ महापर्व आयोजन समिति महादेव घाट के सदस्य संजय सिंग ने चार दिवसीय छठ पूजा संबंधित जानकारी साझा की। उन्होंने कहा नहाय खाय से छठ पूजा का शुभारंभ किया गया, जिसके पश्चात महिलाएं आज खरना करेंगी। छठ पूजा के अवसर पर 7 नवंबर को भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। जिसमें मुबंई की अंतर्राष्ट्रीय लोक गायिका कल्पना पटवारी, लखनऊ की लोक गायिका गायत्री यादव, मुंबई से गायिका प्रणिता राव पटनायक, प्रदेश लोक गायक दुकालू यादव, प्रयागराज से अंतर्राष्ट्रीय नृत्य नाटिका एवं झांकी समूह सोनाली तरुण चोपड़ा और छत्तीसगढ़ से गायक अमित रघुवंशी को आमंत्रित किया गया है। सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम देर शाम 6-7 बजे से प्रारंभ किया जाना है। सूर्य मंदिर छुहिया छठ तलाब हीरापुर से रंजु सेन ने बताया, छठ पूजा का शुभारंभ नहाय खाय के साथ हुआ। वहीं 8 नवंबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ इसका समापन होगा।

## सिटी लाइव

# राजधानी में जुटेंगे दुर्ग-भिलाई के कलाकार, हुनर दिखाने देंगे मंच



**रायपुर।** 10 से 12 जनवरी तक होने वाले बृहन्महाराष्ट्र मंडल के राष्ट्रीय अधिवेशन में रायपुर सहित भिलाई, दुर्ग, राजनांदगांव, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, जगदलपुर महाराष्ट्र मंडलों के बेहतरीन सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। जबलपुर, इंदौर, भोपाल सहित समूचे भारत देश के महाराष्ट्र मंडलों की प्रतिभाओं को भी अपना हुनर दिखाने का अवसर मिलेगा। महाराष्ट्र मंडल में हुई बैठक में राष्ट्रीय सम्मेलन को लेकर इन विचारों पर सहमति बनी। जबलपुर से पहुंचे बृहन्महाराष्ट्र मंडल के प्रधान कार्यवाह दिलीप कुंभोजकर ने कहा कि रायपुर में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन को लेकर पूरे भारत देश की नजरें टिकी हुई हैं, क्योंकि यहां का महाराष्ट्र मंडल सदस्य संख्या, सक्रियता, कार्यक्रमों के आयोजन, समाजसेवी कार्यों में सबसे आगे है।

### गठित की जाएंगी समितियां

बृहन्महाराष्ट्र मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शेखरराव साहेब अमीन के मुताबिक, आयोजन को लेकर हर तरह की समितियां गठित की जाएंगी। इन समितियों में उन पदाधिकारी को रखा जाएगा, जो उस तरह के कार्य करने के इच्छुक हो और अनुभवी भी। इसी तरह तीन दिवसीय अधिवेशन में मिनट-टू मिनट क्या कार्यक्रम होंगे, यह भी तय किया जाएगा। मंडल सचिव चेतन दंडवते ने कहा कि छत्तीसगढ़ सहित पूरे देशभर के महाराष्ट्र मंडलों में इतनी प्रतिभाएं हैं कि हमें दो दिवसीय रंगारंग संस्कृति कार्यक्रमों के लिए प्रोफेशनल कलाकारों पर निर्भर रहने की जरूरत ही नहीं है।

## इवेंट लाइव

# मिले मोबाइल एप्लिकेशन टिप्स गिनाए डिजिटलीकरण के फायदे



**रायपुर।** राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय में अपनी तरह का विशेष प्रशिक्षण रखा गया। इसमें डिजिटल जनरल क्रॉप एस्टिमेशन सर्वे के सुपरविजन मॉड्यूल के वेब तथा मोबाइल एप्लिकेशन का प्रशिक्षण दिया गया। इस राज्यस्तरीय प्रशिक्षण में पूरे छत्तीसगढ़ से प्रतिभागी पहुंचे। उद्घाटन राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, नागपुर के उपमहानिदेशक श्रीनिवास उपाला तथा क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर के उपमहानिदेशक अल्ताफ हुसैन हाजी ने किया। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों को डिजिटल मॉड्यूल के तकनीकी एवं व्यावहारिक बिन्दुओं पर प्रशिक्षण दिया गया।

### लाभदायक है सर्वेक्षण का डिजिटलीकरण

इस अवसर पर राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, फरीदाबाद के संयुक्त निदेशक सुधीर कुमार ने सामान्य फसल अनुमान सर्वेक्षण के महत्व तथा उपयोगिता के संबंध में जानकारी देते हुए इसके डिजिटलीकरण से होने वाले लाभ के बारे में अवगत कराया। उपनिदेशक कुणाल कपूर ने फसल अनुमान सर्वेक्षण के डिजिटलीकरण से संबंधित प्रक्रिया का पॉवर पॉइंट के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, रायपुर, अम्बिकापुर, बिलासपुर और दुर्ग के वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारियों सहित आयुक्त, भू-अभिलेख कार्यालय और आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया।

# मेडिकल के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के लिए जारी हुआ शेड्यूल एमडी-एमएस की 409 सीटों पर होंगे दाखिले, अर्जी 11 तक



काउंसिलिंग दूसरे पखवाड़े में, सर्वाधिक 150 सीटें रायपुर मेडिकल कॉलेज में

**रायपुर।** यूजी एडमिशन की प्रक्रिया पूरी करने के बाद राज्य का चिकित्सा शिक्षा विभाग अब मेडिकल की पीजी यानी एमडी-एमएस की सीटों पर एडमिशन की तैयारी में जुट गया है। राज्य के नौ मेडिकल कालेज में 409 सीटों पर इस पर प्रवेश दिया जाएगा। चिकित्सा शिक्षा संचालनालय द्वारा जारी किए गए शेड्यूल के मुताबिक, स्नातकोत्तर विषयों के लिए ऑनलाइन आवेदन बुधवार 6 नवंबर से शुरू होकर 11 नवंबर तक पूरा होगा। इसके बाद संचालनालय की काउंसिलिंग कमेटी च्वाइस फीलिंग की प्रक्रिया पूरी कराएगी। माना जा रहा है कि एडमिशन की प्रक्रिया दूसरे पखवाड़े से प्रारंभ होगी। राज्य में इस बार निजी मेडिकल कालेजों में पीजी की सीट बढ़ाई गई है। आधा दर्जन शासकीय कालेज स्नातकोत्तर की पढ़ाई कराते है जिसमें सबसे ज्यादा 150 सीट रायपुर के पंडित जेएन मेडिकल कालेज से संबंधित है। एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने वाले चिकित्सकों को विषय विशेषज्ञ की पढ़ाई करने काउंसिलिंग शुरू होने का इंतजार था।

### एमडीएस एडमिशन पूर्ण

निजी और शासकीय डेंटल कालेजों में एमडीएस की पढ़ाई के लिए एडमिशन का काम काफी समय पहले पूरा कर लिया गया था। पीजी मेडिकल के लिए ऑल इंडिया कोटे से एडमिशन के लिए शेड्यूल जारी होने का इंतजार किया जा रहा था। एमडीएस की निजी कॉलेजों की कुछ सीटें खाली रह गई हैं।

### एसएससी ने खोली करेक्शन विंडो

कर्मचारी चयन आयोग यानी एसएससी की ओर से मंगलवार 5 नवंबर को कॉन्स्टेबल (जनरल ड्यूटी) भर्ती 2025 की परीक्षा के फॉर्म में करेक्शन के लिए विंडो को ओपन कर दिया है। जो भी उम्मीदवार अपने फॉर्म में कोई भी बदलाव करना चाहते हैं कि वह एसएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर इस प्रक्रिया को पूरा कर सकते हैं। कर्मचारी चयन आयोग ने जारी किए गए नोटिफिकेशन में कहा है कि भर्ती के एप्लिकेशन फॉर्म में सुधार की सुविधा 7 नवंबर तक उपलब्ध कराई जाएगी। जिन अभ्यर्थियों को फॉर्म में सुधार करना है वे 'विंडो फॉर एप्लीकेशन फॉर्म करेक्शन' सुविधा का उपयोग कर सकते हैं। एसएससी ने ये भी कहा है कि आखिरी तारीख के बाद काई भी अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस भर्ती के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा संभवतः जनवरी-फरवरी 2025 में आयोजित की जाएगी।

### ऐसी है पद संख्या

बीएसएफ के 15654 पद, सीआईएसएफ के 7145 पद, सीआरपीएफ के 11541 पद, एसएसबी के 819 पद, आईटीबीपी के 3017 पद, एआर के 1248 पद, एसएसएफ के 35 पद और एनसीबी के 22 पद शामिल हैं। जिन उम्मीदवारों ने इसके लिए आवेदन किया है, वे वेबसाइट पर जाकर प्रक्रिया पूर्ण करते हुए सुधार कर सकते हैं।

# सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने किया जागरूक



**रायपुर।** सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति लोगों को सचेत करने के लिए राज्योत्सव मेला स्थल पर लगे शिल्पग्राम में स्टे फिट विथ मी संस्था ने सड़क सुरक्षा को लेकर एक उम्दा प्ले किया। इस अंतर्विभागीय अग्रणी संस्था में अलग-अलग क्षेत्रों के लोग जुड़े हैं। प्ले में सहज तरीके से सड़क सुरक्षा के लिए हेलमेट, स्पीड नियंत्रण, मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करने, एकाग्रता, नशे में वाहन न चलाने का संदेश दिया गया। शिल्पग्राम में स्थानीय शिल्पियों के उत्पादों की खरीदी करते लोग सहसा ही ठिठककर प्ले देखने लग गए। प्ले को संचालित कर रहे अतिरिक्त महानिदेशक और संयुक्त आयुक्त सड़क सुरक्षा संजय शर्मा।

## समाज इवेंट

# अपनी प्रतिभा से अनजान रहते हैं विद्यार्थी, उन्हें करें प्रेरित



**रायपुर।** श्री गुजराती ब्रह्म समाज द्वारा दिवाली मिलन, विद्यार्थी प्रतिभा सम्मान एवं मातुश्री सम्मान आयोजित किया गया। समाज के अध्यक्ष कीर्ति व्यास ने अपने उद्धबोधन में कहा, सफलता प्राप्त करने के लिये समय का पाबंद होना जरूरी है, क्योंकि सफलता की पहली सीढ़ी समय का पाबंद होना है। समाज के सभी कार्यों में हर सदस्य का योगदान आवश्यक है, तभी समाज उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर चलेगा। मुख्य अतिथि बस्तर के प्रख्यात हिन्दी साहित्यकार सुरेंद्र रावल रहे। उन्होंने अपने उद्धबोधन में कहा, समाज के हर बच्चे में अलग-अलग प्रतिभा छुपी होती है, जिसका बोध स्वयं उस बच्चे को भी नहीं होता। उन्होंने माता-पिता से कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा और संस्कार घर से ही मिलते हैं, अतः उन्हें हमारी संस्कृति का ज्ञान होना आवश्यक है।

### संगीत व कला क्षेत्र में भी पुरस्कार

बोर्ड स्तर पर स्व.नवल शंकर त्रिवेदी की स्मृति में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली भव्य पंड्या पिता जयेश पंड्या को पुरस्कार दिया गया। कॉलेज स्तर पर भारती बेन व रजनीकांत जोशी की स्मृति में पूर्वा दवे को पुरस्कार प्रदान किया गया। स्व.वस्ता राम पटेल स्मृति में कॉलेज वर्ग से सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले सोमिल पीयूष त्रिवेदी को गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। इसी तरह अन्य स्मृति पुरस्कार मिहिर शर्मा को, विषा नमन, नेहा बेन दवे को प्रदान किया गया। संगीत एवं कला के क्षेत्र में स्व.पंडित गुणवंत माधव लाल व्यास की स्मृति में देवेश कपिल व्यास को पुरस्कार दिया गया। प्रतिभा सम्मान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के चयन के लिए कमेटी गठित की गई थी।

## कार्नर न्यूज

### भारतीय रिजर्व बैंक ने मनाई अपनी 90 वर्षगांठ, विद्यार्थियों के लिए रखी क्विज स्पर्धा

# भारतीय रिजर्व बैंक की स्पर्धा में भिड़े महाविद्यालयीन विद्यार्थी तकनीकी विवि को पछाड़कर एनआईटी ने जीते 2 लाख रुपए

**रायपुर।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अपनी 90वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। आरबीआई द्वारा वर्षभर इसके अंतर्गत आयोजन किए जाएंगे। इसके तहत आरबीआई ने क्विज का आयोजन किया। यह क्विज छग सहित देशभर में रखी गई। राजधानी में भी इस कड़ी में कई आयोजन हुए। बैंक ने मात्र स्नातक छात्रों के लिए राष्ट्रव्यापी यह क्विज रखी थी। कई चरणों में यह क्विज हुआ। ऑनलाइन चरण के क्विज 19-21 सितंबर को आयोजित किए गए। इसमें प्रदर्शन के आधार पर राज्यस्तरीय राउंड में हिस्सा लेने के लिए टीमों का चयन किया गया। इसके बाद राज्यस्तीय राउंड होटल बेबीलॉन इंटरनेशनल में रखा गया, जहां एनआईटी की टीम विजेता बनी। स्पर्धा में 90 टीमों के 180 छात्र प्रतिभागी बने।






### मुंबई में होगा फाइनल

राज्यस्तरीय राउंड की विजेता टीम 21 नवंबर से 4 दिसंबर के बीच होने वाले जोनल राउंड में प्रतिस्पर्धा करेगी। राष्ट्रीय फाइनल दिसंबर 2024 में मुंबई में आयोजित किया जाएगा। इसमें देशभर से टीमें जुटेंगी। अन्य राज्यों और जोनल राउंड की विजेता टीमें राष्ट्रीय स्तर की इस स्पर्धा का हिस्सा बनेंगी।

### रोचक रहे मुकाबले

एनआईटी टीम का प्रतिनिधित्व प्रभात शर्मा एवं शिवांश पटले ने किया। दूसरे स्थान पर आईसीएफएआई महाविद्यालय की टीम रही जिसमें आदित्य सिंह एवं सृष्टि शर्मा शामिल थे। सीएसवीटीयू की टीम में शामिल अर्पण ताम्रकार एवं आशीष वैद्य तीसरे स्थान पर रहे । शीर्ष तीन टीमों के लिए पुरस्कार राशि 2 लाख, 1.5 लाख और 1 लाख निर्धारित की गई है।

### अर्थव्यवस्था संबंधित सवाल भी

छात्रों से पूछे गए कई सवाल अर्थव्यवस्था संबंधित रहे। छात्रों के वित्तीय ज्ञान को परखने के साथ ही सामान्य ज्ञान, शिक्षा और इससे जुड़े कई तरह के सवाल क्विज में पहुंचे छात्रों से पूछे गए। प्रतिभागी छात्र भी इसके लिए पूरी तैयारी के साथ आए थे। सवालों के उत्तर देते वक्त वे पूरी सजगता बरत रहे थे। सभी राउंड में कड़ी टक्कर छात्रों के मध्य देखने को मिली।

## स्पोर्ट्स इवेंट

### एशियन जुडो चैंपियनशिप हॉगकॉग में निर्णायक बने भिलाई के शरीफ़



**रायपुर।** हॉंगकॉंग में होने जा रही एशियाई ओपन जूडो चैंपियनशिप के लिए भारतीय जूडो महासंघ के अंतरराष्ट्रीय तकनीकी अधिकारी शेख शरीफ का चयन किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय जुडो महासंघ एवं जूडो यूनियन ऑफ़ एशिया के तत्वाधान में हॉंगकॉंग जूडो संघ द्वारा एशियन जूडो चैंपियनशिप 08 से 11 नवंबर 2024 तक माँ ओंन सन स्पोर्ट्स सेंटरस् में आयोजित है। छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी और महासचिव एस आर सोनी के हवाले से उपरोक्त जानकारी देते हुए प्रदेश जूडो संघ के संयुक्त सचिव अनीस मेमन ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय तकनीकी अधिकारी शेख शरीफ इसके पूर्व में भी एशियाई चैंपियनशिप में तकनीकी अधिकारी का कार्य कर चुके हैं। शेख शरीफ की उपलब्धि पर प्रदेश संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आर.के त्रिवेदी, उपाध्यक्ष आर.के शर्मा, सज्जन जिंदल, महासचिव एस.आर सोनी, कोषाध्यक्ष आलोक मिश्रा, प्रदेश संघ के संयुक्त सचिव अनीस मेमन, अब्दुल मोएम, लखन साहू, सर्वजीत सिंह बख्शी, पी.किशोर, विजय नाग, भुवन नागे, परमजीत सिंह, गुप्तेश्वर यादव, राजकुमार जायसवाल, किरण शर्मा और श्वेता नाग आदि ने शुभकामनाएं देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

### मिनी सब जूनियर राज्य बैडमिंटन में शाश्वत, समीरा, हर्षित और वेदिका बने चैंपियन



**रायपुर।** राजधानी रायपुर में 2 से 5 नवंबर तक आयोजित 23 वीं मिनी सब जूनियर राज्य बैडमिंटन स्पर्धा के फायनल मुकाबलों में दर्शकों को रोमांचक खेल देखने मिला। विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि विश्वेश कुमार (अखिल भारतीय वन सेवा) व अध्यक्षता कर रहे सतीश सिन्हा (अखिल भारतीय वन सेवा) ने सम्मानित किया। प्रतियोगिता में 11 वर्ष आयु समूह बालक वर्ग एकल फाइनल में शाश्वत श्री मिश्रा (रायपुर) ने एरिक जसवानी (रायपुर) को 21-11,21-10 से हारकर खिताब अपने नाम किया। 11 वर्ष आयु समूह बालिका वर्ग एकल फाइनल में समीरा राजपूत (रायपुर) ने बृंदा शर्मा (रायपुर) को 21-17,21-23,21-15 से हारकर खिताब अपने नाम किया। 13 वर्ष आयु समूह बालक वर्ग एकल फाइनल में हर्षित कुमार (रायगढ़) ने सैयद जयन अली (बिलासपुर) को 15-21,21-19,22-20 से हराकर खिताब अपने नाम किया। 13 वर्ष आयु समूह बालिका वर्ग एकल में फाइनल में वेदिका एस ग्यानी (दुर्ग) ने श्रीजा दास (दुर्ग) को 21-7,21-11 से हारकर खिताब अपने नाम किया। 11 वर्ष आयु समूह बालक वर्ग युगल फाइनल में शाश्वत श्री मिश्रा और एरिक जसवानी (रायपुर) की जोड़ी ने पुष्कल देवांगन और रक्षिता यादव (रायपुर) की जोड़ी को 21-4,21-6 से हारकर खिताब अपने नाम किया। 11 वर्ष आयु समूह बालिका वर्ग युगल-फाइनल में समीरा राजपूत और बृंदा शर्मा (रायपुर) की जोड़ी ने सानवी पाल और सेजल वर्मा (दुर्ग) की जोड़ी को 21-17,21-18 से हारकर खिताब अपने नाम किया। 13 वर्ष आयु समूह बालक वर्ग युगल- फाइनल के परिणाम अरहान खान (रायपुर) और सैयद जयन अली (बिलासपुर) की जोड़ी ने आरुष गुरबाणी और आर्यन रजक (बिलासपुर) की जोड़ी को 21-12,21-12 से हराकर खिताब अपने नाम किया। 13 वर्ष आयु समूह बालिका वर्ग युगल फाइनल में वेदिका एस ग्यानी और श्रीजा दास (दुर्ग) की जोड़ी ने शानवी गुप्ता (रायपुर) ओर तिथि जिंदल (दुर्ग) की जोड़ी को 21-14,13-21,22-20 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

### एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट के लिए अंडर-14 टीम घोषित



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा 6 से 20 नवंबर को अंडर 14 एलिट ग्रुप इंटर डिसट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सीएसबी द्वारा अंडर 14 की टीम घोषित की गई है। जिसमे आरुष कापसे, अंश कोरी, यश शर्मा, आरुष सिंह, राजवंश भाटिया, मनन ठक्कर (विकेट कीपर), सैयद जैस सलीम, लक्षित कार्तिकेय, आशुतोष अवस्थी (कप्तान), निरुप सोनी (पेंड्रा), जतिन नारंग, वैभव मोटवानी, खगेंद्र सागर पैंकरा, अभिनव यादव, प्रदीप आहिरे (मुंगेली), शाश्वत मिश्रा और प्रिंस पटेल शामिल है।

ज्ञात हो कि बिलासपुर जिला संघ द्वारा 6 अक्टूबर को अंडर-14 का ट्रायल लिया गया जिसमें 160 खिलाड़ी शामिल हुए। जिसके पश्चात संभावित खिलाड़ियों का चयन कैंप के लिए किया गया। जिसमें 15 दिन कैंप लगाया गया और 12 सलेक्शन मैच खेला गया।

#### तेज खर्राटे सहित कई लक्षण हैं स्लीप एपनिया के, करवाएं इलाज

# सोते वक्त अक्सर रुकने लगती है सांस तो घबराएं नहीं. डॉक्टर से लें जरूरी परामर्श

ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया एक स्लीपिंग डिसऑर्डर है। इस समस्या में सोते हुए व्यक्ति की सांसे रुक जाती है। एक्सपर्ट से जानिए इस बीमारी के होने की वजह क्या है। क्या आप भी नींद में तेज तेज खर्राटे लेते हैं ? क्या सोते वक्त आपकी भी सांस रुकने लगती है ? तो ये एक तरह के स्लीप डिसऑर्डर की निशानी है। इसे मेडिकल भाषा में ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया के नाम से जानते हैं। इस समस्या से पीड़ित व्यक्ति सोते वक्त सामान्य रूप से सांस नहीं ले पाता है। ये सेहत के लिए काफी नुकसानदायक हो सकता है।



### स्लीप एपनिया के बारे में जानें सबकुछ

एक्सपर्ट कहती हैं कि पहले के वक्त लोग खर्राटे लेना क्वालिटी नींद की निशानी समझते थे लेकिन ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। रात में जिनको ज्यादा खर्राटे आते हैं उनका सांस बार-बार रुकता रहता है। कई बार झटके से सांस आती है और नींद टूट जाती है। इस वजह से नींद के दौरान ऑक्सीजन का स्तर भी कम हो जाता है। कई बार तो मरीज को इस समस्या का पता भी ही रहता है। एक्सपर्ट कहती हैं कि ये समस्या उन लोगों को होती है जिनका वजन ज्यादा होता है,जिनके पेट पर ज्यादा चर्बी होती है या जो लोग गतिहीन जीवन जीते हैं। महिलाओं की तुलना में पुरुषों में ये समस्या ज्यादा देखी जाती है।


### स्लीप एपनिया के लक्षण

नींद टूटने पर गला सूखना,नींद बार-बार टूटना,सोते वक्त बैचैन रहना,सोते समय खर्राटे लेना, सोते समय दम घुटना या हांफना,दिन में नींद आना और थकान महसूस होना,मूड स्विंग होना, स्लीप एपनिया के कारण होने वाली दिक्कत,खून में ऑक्सीजन की कमी के कारण हाई बीपी की समस्या हो सकती है। बीपी बढ़ने से हार्ट की समस्या और स्ट्रोकका खतरा बढ़ सकता है। ध्यान केंद्रित करने में परेशानी हो सकती है। डायबिटीज का खतरा बढ़ सकता है।



### कैसे करें स्लीप एपनिया से बचाव?

एक्सपर्ट कहती हैं कि लाइफस्टाइल में बदलाव जैसे वजन कम करने करना , नियमित रूप से एक्सरसाइज करने सहित स्लीप स्टडी टेस्ट के जरिए इसका इलाज किया जाता है।एक्सपर्ट कहती हैं कि आप या आपके घर में किसी को भी स्नोरिंग की दिक्कत है उन्हें स्लीप स्टडी टेस्ट करना बहुत जरूरी है।



स्लीप एपनिया से बचने के लिए, आप ये उपाय अपना सकते हैं। स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। स्वस्थ भोजन करें, समय पर खाना-पीना करें, वज़न कम करें, शराब और धूम्रपान कम करें। नियमित व्यायाम करें। एरोबिक व्यायाम और शक्ति प्रशिक्षण जैसे व्यायाम करें। सोने की स्थिति बदलें। पीठ के बल सोने से बचें और करवट या पेट के बल सोएं। सतत सकारात्मक वायुमार्ग दबाव (सीपीएपी) मशीन का इस्तेमाल करें।यह मशीन मास्क के ज़रिए हवा को आपके श्वास मार्ग में पंप करती है, जिससे वायुमार्ग खुला रहता है। मौखिक या दंत उपकरण पहनें। मांडिबुलर रिपोज़िशनिंग डिवाइस (एमआरडी) एक कस्टम-निर्मित मौखिक उपकरण है जो ज़्यादातर मामलों में मददगार होता है। बड़े टॉन्सिल या एडेनोइड्स को हटाने के लिए सर्जरी कराई जा सकती है।

## सुबह मलासन में बैठकर पिएं पानी, दूर होंगे कई रोग

योग से तन और मन को दुरुस्त रखा जा सकता है और पानी शरीर को रोगमुक्त रखता है। अगर दोनों चीजों को मिला दिया जाए, तो हेल्थ को दुरुस्त रखा जा सकता है। आज हम आपको सुबह मलासन के दौरान पानी पीने के फायदों के बारे में बताएंगे। इसके बारे में योगा टीचर दिलराजप्रीत कौर बता रही हैं।

सुबह खाली पेट पानी पीने से बॉडी डिटॉक्स होती है, सिरदर्द और माइग्रेन की समस्या नहीं होती है, इम्यून सिस्टम मजबूत होता है, तनाव दूर होता है, वजन कम होता है और पेट संबंधी समस्याएं नहीं होती हैं। साथ ही, यूरिन में जलन दूर होती है और त्वचा हेल्दी और ग्लोइंग होती है। इसके अलावा, शरीर का तापमान कंट्रोल में रहता है, शरीर में एनर्जी का लेवल बढ़ता है और नई सेल्स और



मसल्स बनने की प्रक्रिया तेज होती है। आइए दोनों क्रिया को एक साथ करने के फायदों के बारे में जानें-

### हाइड्रेशन

अच्छी हेल्थ के साथ ही थकान और मसल्स में ऐंठन को रोकने के लिए योग के दौरान हाइड्रेटेड रहना जरूरी है। मलासन के दौरान पानी पीने से आपको ये सारे फायदे मिल सकते हैं।

## रोटी बनेगी सॉफ्ट और गुब्बारे जैसी एक छोटा चम्मच डालें जादुई पाउडर

जिस दिन रोटी गोल और फूली-फूली बनती है, उस दिन सभी की खुशी का ठिकाना नहीं रहता। ऐसा अक्सर तब होता है, जब आटा अच्छी तरह से गूंथा जाए। अच्छी रोटी बनाने के लिए आटे का सही तरह से तैयार होना बहुत जरूरी है। अगर आटा सही न तैयार हो, तो रोटी न ही फूलती है और न ही सॉफ्ट रहती है। रेस्तरां और ढाबे में आटे में मैदा मिलाया जाता है। इससे रोटी सॉफ्ट हो जाती है। आपको जानना हैं कि बेकिंग पाउडर की मदद से कैसे रोटी को सॉफ्ट बना सकते हैं।

### सूखे आटे में बेकिंग पाउडर मिलाएं

रोटी के आटे में बेकिंग पाउडर का इस्तेमाल करने का सबसे आसान तरीका है कि इसे गूंथने से पहले सीधे



सूखे आटे में मिला लें। इससे पूरे आटे में बेकिंग पाउडर अच्छी तरह मिक्स होगा, जिससे छोटी-छोटी पॉकेट्स बनेंगी जो रोटी को फूला हुआ और मुलायम बनाए रखती हैं।

**क्या करें:** आटे में 1/2 छोटा चम्मच बेकिंग पाउडर डालकर अच्छे से मिक्स करें। पानी डालने से पहले आटे और बेकिंग पाउडर को अच्छी तरह मिलना जरूरी है वरना पाउडर किसी एक हिस्से में ही रह जाएगा। इसके बाद आटे को नरम और स्मूथ बनाने के लिए पानी डालकर आटा गूंथें।



## वास्तु अनुसार बेडरूम में लगाएं वॉलपेपर, दिखाई देगा बदलाव

अगर आप अपने बेडरूम में वास्तु अनुसार वॉलपेपर का चयन करती हैं तो इससे पति-पत्नी के बीच हमेशा प्यार बना रहेगा। अपने घर को और भी ज्यादा खूबसूरत बनाने के लिए हम सभी तरह-तरह के वॉलपेपर का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन आप घर के किस कमरे की दीवार को वॉलपेपर की मदद से खूबसूरत बनाना चाहती हैं, यह बहुत अधिक मायने रखता है। यूं तो इन दिनों मार्केट में तरह-तरह के डिजाइन के वॉलपेपर मिलते हैं। लेकिन इसका अर्थ यह कतई नहीं है कि आप किसी भी वॉलपेपर को बस यूं ही चुन लें।

सही वॉलपेपर चुनकर आप अपने घर की पॉजिटिविटी को बढ़ा सकती हैं। मसलन, अगर आप अपने बेडरूम की वॉल पर वॉलपेपर लगाना चाहती हैं तो आपको ऐसे वॉलपेपर को चुनना चाहिए, जो पति-पत्नी के बीच के प्यार को ऐसे ही बरकरार रखे। वास्तुशास्त्री डॉ. आनंद भारद्वाज आपको बता रहे हैं कि कपल अपने बेडरूम में किस तरह के वॉलपेपर लगा सकते हैं-

### मीनिंगफुल हो वॉलपेपर

जब आप अपने बेडरूम में (बेडरूम में रखें ये चीजें) वॉलपेपर लगा रही हैं तो आपको यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उसका कोई अर्थ जरूर होना चाहिए। वॉलपेपर पर फूल-पत्तियां बनी हो सकती हैं या फिर कोई ज्योमेट्रिकल



डिजाइन हो सकता है।


लेकिन यह ध्यान रखें कि वॉलपेपर पर एब्सट्रैक्ट डिजाइन नहीं होना चाहिए। वास्तु के अनुसार यह अच्छा नहीं माना जाता है। यह आपके मन में टेंशन पैदा करते हैं।

### वॉलपेपर का रंग

बेडरूम में वॉलपेपर लगाते समय आपको रंग का भी खास ख्याल रखना चाहिए। मसलन, अगर आप बेडरूम की दक्षिण दिशा की दीवार पर वॉलपेपर लगा रही हैं तो उसमें महरून या गहरा पीला रंग ज्यादा होना चाहिए। आपको काला रंग अवॉयड करना चाहिए। इसी तरह, उत्तर दिशा की दीवार पर व्हाइट या ऑफ व्हाइट कलर का वॉलपेपर लगाया जा सकता है। यूं तो उत्तर दिशा में नीला रंग काफी अच्छा माना जाता है, लेकिन बेडरूम में इस रंग का वॉलपेपर लगाने से पति-पत्नी के रिश्तों में परेशानी आ सकती है। पूर्व दिशा में हरे रंग के वॉलपेपर लगाए जा सकते हैं।

### अगर थ्री डी हो वॉलपेपर

अगर आप अपने बेडरूम में थ्री डी वॉलपेपर लगाना चाहती हैं तो आपको उसे केवल उत्तर या पूर्व दिशा (वास्तु के अनुसार पूर्व दिशा में रखें यह चीजें) की दीवार पर ही लगाएं। आपको इसे कभी भी दक्षिण या पश्चिम दिशा की दीवार पर इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।



















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# स्पाइडर मैन सीरीज की अगली फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान

एमसीयू ने अपनी अगली स्पाइडर-मैन फिल्म के लिए कमर कस ली है और तैयारी शुरू हो रही हैं। फिल्म की रिलीज डेट भी तय हो गई है। एक बार



फिर टॉम हॉलैंड वापसी कर रहे हैं। स्पाइडर-मैनः होमकमिंग में पीटर पार्कर की भूमिका से दर्शकों का दिल जीतने वाले टॉम 'स्पाइडर-मैन 4' में नजर आएंगे। शूटिंग अगले साल से शुरू हो जाएगी।

स्पाइडर-मैन की अगली फिल्म का टाइटल अभी तय नहीं है। हालांकि, फिल्म की शूटिंग अगले साल गर्मियों में शुरू हो जाएगी। वहीं, 2026 में इसे रिलीज किया जाएगा। इसकी रिलीज डेट 24 जुलाई 2026 तय कर दी गई है। 'शांग ची' फेम निर्देशक डेस्टिन डेनियल क्रेटन स्पाइड-मैन 4 का निर्देशन करेंगे।

टॉम हॉलैंड को मार्वल सिनेमेटिक यूनिवर्स में स्पाइडर मैन के रूप में प्रशंसक बेहद पसंद करते हैं। स्पाइडर-मैन 4 में एक बार फिर दर्शक टॉम को देखने के लिए बेकरार हैं। स्पाइडर-मैन 4 को लेकर खबरें तो पहले से चल रही थीं, अब आधिकारिक रूप से इसकी तैयारी शुरू हो चुकी हैं। खुद टॉम ने टॉक शो 'द टूनाइट शो स्टारिंग जिमी फॉलन' में इसकी पुष्टि कर दी है।

स्पाइडरमैन कॉमिक बुक का चर्चित सुपरहीरो किरदार है। हॉलैंड ने जॉन वॉट्स द्वारा निर्देशित पिछली तीन स्पाइडर-मैन फिल्मों में अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीता है। इसके अलावा टॉम हॉलीवुड निर्देशक क्रिस्टोफर नोलन की अगली फिल्म में भी नजर आएंगे।

### टॉलीवुड

# सिनेमा में 50 साल पूरे होने पर चिरंजीवी ने मनाया जश्न, यादों का पिटारा खोल कॉलेज के दिनों में खोए



सुपरस्टार चिरंजीवी ने हल ही में अभिनय की दुनिया में 50 साल पूरी कर लिए हैं। चार दशकों से ज्यादा लंबे करियर के साथ सुपरस्टार चिरंजीवी ने 100 से ज्यादा फीचर फिल्मों में काम किया है। इस उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर कॉलेज के दिनों की एक तस्वीर शेयर की, जब उन्होंने कॉलेज में अपने पहले नाटक में अभिनय किया था। उनकी यादगार चीजों में से उनकी अनदेखी तस्वीर ने ध्यान खींचा। कैप्शन में उन्होंने अभिनय के साथ अपने पहले कार्यकाल के बारे में कुछ दिलचस्प बातों का खुलासा किया। चिरंजीवी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर वाईएनएम कॉलेज, नरसापुर के दिनों की अपनी एक पुरानी तस्वीर शेयर की, जहां वे बीकॉम की पढ़ाई कर रहे थे। मेगास्टार सफेद शर्ट और धूप के चश्मे में बिल्कुल पहचान में नहीं आ रहे थे। तस्वीर के बारे में जो बात सबसे ज्यादा ध्यान देने लायक थी, वह यह थी कि इस पर अभिनेता का पूरा नाम केएसएसवी प्रसाद राव लिखा हुआ था। संयोग से तस्वीर के नीचे लिखे नोट में उन्हें 1974-75 के 'कॉलेज के सर्वश्रेष्ठ अभिनेता' के रूप में भी टैग किया गया था। तस्वीर के साथ चिरंजीवी ने एक लंबा कैप्शन लिखा, जिसमें उन्होंने न केवल एक अभिनेता के रूप में 50 साल पूरे करने की बात कही, बल्कि अपने पहले नाटक 'रजीनामा' के बारे में भी याद किया। उन्होंने इसके बाद मिली अपार मान्यता और प्रशंसा के साथ-साथ अंतहीन प्रोत्साहन के बारे में भी बात की। मेगास्टार ने लिखा, ''रजीनामा'... वाईएनएम कॉलेज नरसापुर में 'रंगस्थलम' पर पहला नाटक... कोना गोविंदा राव द्वारा लिखित, अभिनेता के रूप में पहली पहचान, यह सर्वश्रेष्ठ अभिनेता था, अंतहीन प्रोत्साहन 1974-2024, अभिनय के 50 साल, अंतहीन खुशी।'

### भोजपुरी

# खेसारी के नए गाने 'दीवाना बदमाश हो जाई' की झलक ने उड़ाए होश

खेसारी लाल यादव भोजपुरी फिल्मों के सबसे हिट कलाकारों में से एक हैं। वह जितना अच्छा अभिनय करते हैं, उतने ही अच्छे गायक भी हैं। अब तक वह कई हिट गीत भोजपुरी दर्शकों को दे चुके हैं। अब एक और गीत के साथ वह हाजिर हैं। जानिए, इस गाने के बारे में।



खेसारी ने अपने नए गाने को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए लिखा- 'दीवाना बदमाश हो जाई, कल सुबह 6.30 बजे।' इस गाने के वीडियो में वह हाथ में बंदूक लिए एक आदमी को गोली मारते हुए नजर आ रहे हैं। फिर वह गाने की हीरोइन के पास जाकर जोर-जोर से हंसते हैं। इससे जाहिर होता है कि खेसारी इस गीत में एक बादमाश हैं। लेकिन वह बदमाश बने क्यों? इसका पता तो पूरा गाना देखकर ही चलेगा। इस गाने में उनके साथ प्रिया रघुवंशी नजर आ रही हैं।

जैसे ही खेसारी ने इस गाने की पहली झलक इंस्टाग्राम पर डाली तो कुछ ही घंटों में फैंस ने उन पर अपना प्यार लुटा दिया। उनके इस गाने को 6 लाख से अधिक व्यूज और 47, 883 लाइक्स मिले हैं। धीरे-धीरे यह संख्या और भी बढ़ती हुई नजर आएगी क्योंकि खेसारी के सभी गानों को लाखों में व्यूज मिलते हैं। इससे उनकी प्रसिद्धि का पता चलता है।

## स्वीडन के टाइगर

### लाइफ स्टाइल



स्वीडन में फैशन इंडस्ट्री बेहद विकसित है। यहां के फैशन शो पर दुनिया भर के डिजाइनर और माडलों की नजर रहती है। पिछले दिनों यहां टाइगर आफ स्वीडन शीर्षक से फैशन शो हुआ। जिसमें स्वीडन के नौजवानों ने अपनी भागीदारी दी। इस शो को लोगों ने बेहद पसंद किया।

# खूबसूरत लुक के लिए चेहरे के आकार के हिसाब से करें अपनी बिंदी का चयन



जब कोई महिला बिंदी लगाती है तो उनकी खूबसूरती और ज्यादा बढ़ जाती है। ज्यादातर महिलाएं गोल बिंदी ही लगा लेती हैं, लेकिन क्या आप जानती हैं कि बिंदी हमेशा चेहरे के आकार के हिसाब से ही लगानी चाहिए। अगर आपका चेहरे का आकार गोल है तो हमेशा गोल शेप वाली बिंदी का ही चयन करें। गोल चेहरा थोड़ा सा चबी होता है, ऐसे में अगर आप लंबी बिंदी लगाएंगी तो इससे आपका लुक खराब हो सकता है। चौकोर आकार चेहरे पर माथा, गाल की हड्डियां, साथ ही जबड़े की रेखा समान चौड़ाई की होती है। अगर आपका चेहरा चौकोर है तो आपके फेस पर गोल और वी आकार की बिंदी बेहद प्यारी लगेगी।

अगर आपका चेहरा अंडाकार या ओवल है तो बिंदी लगाने में आपको ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं हैं। अंडाकार चेहरे पर आप कोई भी बिंदी लगा सकती हैं। बस बेहतर होगा कि आप लंबी बिंदी लगाने से बचें।

अगर आपके चेहरे का आकार त्रिकोणाकार है तो आप लंबी या गोल कैसी भी बिंदी लगा सकती हैं। त्रिकोणाकार चेहरा वाली महिलाओं को बस अपने आउटफिट को ध्यान में रखकर बिंदी का चयन करना चाहिए।

# चाहती हैं रॉयल लुक तो स्टाइल करें वेलवेट सूट



फैशन

न्यू फैशन ट्रेंड के अनुसार, इन दिनों वेलवेट सूट काफी ट्रेंड में है और यह सूट रॉयल और स्टाइलिश लू पाने के लिए बेस्ट है साथ ही इस आउटफिट में आप कंफर्टेबल भी रहती हैं । विंटर सीजन में होने वाली शादी के दौरान अक्सर महिलाएं इस बात को लेकर परेशान रहती हैं कि वो किस तरह का आउटफिट वियर करें। महिलाएं चाहती हैं कि इस मौके पर वो स्टाइलिश नजर आए साथ ही ठंड से बचा जा सका। वहीं अगर आप स्टाइलिश लुक चाहती हैं साथ ही ये भी चाहती हैं ठंड की वजह से आपका फैशन खराब न हो तो आप ये वेलवेट सूट स्टाइल कर सकती हैं। हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइन वाले वेलवेट सूट दिखा रहे हैं जो आप विंटर सीजन में हो रही शादी में शामिल होने के दौरान वियर कर सकती हैं। वहीं इस आउटफिट में आपका लुक रॉयल भी नजर आएगा।

### थ्रेड वर्क वेलवेट सूट

अगर आप सिंपल लुक चाहती हैं तो आप इस तरह के थ्रेड वर्क वेलवेट सूट का चुनाव कर सकती हैं और ये विंटर सीजन में होने वाली शादी में रॉयल लुक पाने के लिए बेस्ट है। इस सूट में बेहद ही खूबसूरत डिजाइन बनाया गया है साथ ही वी नेक डिजाइन में आता है। इस तरह का सूट आपको कई सारे कलर और नेक डिजाइन ऑप्शन के साथ मिल जाएंगे जिन्हें आप 2,000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस थ्रेड वर्क वेलवेट सूट के साथ आप फुटवियर में मोजरी साथ ही ज्वेलरी में आर्टिफिशियल ज्वेलरी का चुनाव कर सकती हैं।

### एम्ब्रॉयडरी वेलवेट सूट


यह एम्ब्रॉयडरी वर्क वाला वेलवेट सूट भी आप विंटर सीजन में स्टाइल कर सकती हैं जो कि स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट है। एम्ब्रॉयडरी वाला ये वेलवेट सूट आपको कई सारे डिजाइन में मिल जाएगा जिसे आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से ले सकती हैं। ये सूट आपको 2,000 से 3,000 रुपये की कीमत में मिल जाएगा। इस सूट के साथ आप चोकर और बालों का बन हेयर स्टाइल बना सकती हैं। एम्ब्रॉयडरी में आप इस तरह के फ्लोरल पैटर्न वाले एंब्रॉयडरी सूट का भी चुनाव आर सकती हैं जो न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है।

# इन टिप्स से करें अपने लुक को स्टाइल, खिल उठेगा रूप

स्टाइलिश दिखना हम सभी चाहते हैं और इसके लिए हम आए दिन नए से नए फैशन ट्रेंड को फॉलो करना बेहद पसंद करते हैं। वहीं बदलते दौर में कई बार अपने लुक को स्टाइल करना हमारे लिए मुश्किल हो जाता है। इन दिनों मौका दीपावली का है। इस मौके पर अपने लुक को खास बनाने के लिए आपको कई बातों का खास ख्याल रखना जरूरी होता है।

### बालों को स्टाइलिश देने के लिए क्या करें?

दीपावली के मौके पर एथनिक वियर पहना जाता है और इसके साथ अक्सर हेयर स्टाइल भी वैसा ही बनाया जाता है। वहीं अगर आप ओपन हेयर स्टाइल बना रही हैं तो बालों में बीड्स का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए आपको फ्रंट में ब्रेड बनानी होगी और फिर इसमें बीड्स का इस्तेमाल करना होगा। अगर आप बन हेयर स्टाइल बना रही हैं तो हेयर एक्सेसरीज के लिए आप ज्वेलरी स्टाइल डिजाइन को चुनें। अब इसके लिए आपको एक्स्ट्रा पैसे खर्चने की जरूरत नहीं है, क्योंकि आप अपने किसी इयररिंग्स की मदद से ही इसे सजा सकती हैं। ऐसे ही आप चाहे तो छोटे



साइज के स्टड्स इयररिंग्स को भी बालों में लगा सकती हैं।

### लुक को खास बनाने के लिए चेहरे पर कैसे बनाएं डॉट?

आपने देखा होगा कि दीपावली में लोग बंजारा लुक को स्टाइल करना काफी पसंद करते है। इसके लिए कलियों वाले हैवी लहंगे के साथ चोली को स्टाइल किया जाता है। वहीं चेहरे को आकर्षक लुक देने के लिए आप ब्लैक कलर की डॉट जरूर बना लें। इसके लिए आपको केवल 2 चीजों की आवश्यकता रहेगी। चेहरे पर डॉट बनाने के लिए आप बॉबी पिंस की टिप्स पर आई लाइनर लगाएं और चेहरे पर बना लें।

# चेहरे से हटेंगे धब्बे, बदलेगी रंगत और बुढ़ापे की हो जाएगी छुट्टी

इस बात से हर कोई वाकिफ़ है कि स्किन केयरिंग टिप्स की जरूरत सिर्फ महिलाओं को नहीं पड़ती बल्कि पुरुषों को भी पड़ती है, यह बात अलग है कि महिलाओं के मुकाबले पुरुष स्किन केयर रुटीन पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे पाते हैं लेकिन वे इस बात से अंजान होते हैं कि शरीर के बाकी अंगों की तरह त्वचा की भी देखभाल काफी ज़रूरी है।

ऐसे में ये स्किन केयर टिप्स आपके काफी काम आते हैं जो बेजान त्वचा को जान देते हैं और रूखी त्वचा को नमी देते हैं। इन प्रोडक्ट का रेगुलर इस्तेमाल किया जाए तो ग्लोइंग और स्मूथ स्किन मिलती है साथ ही एजिंग साइन भी दिखना बंद हो जाते हैं। इन स्किन केयर प्रोडक्ट्स से त्वचा की रंगत में भी निखार आता है।

इससे बेजान त्वचा को जान मिलती है त्वचा को किसी भी तरीके का नुकसान नहीं पहुंचाता है स्किन केयर टिप्स में शामिल मॉइस्चराइजर से झुर्रियां कम होती है और त्वचा को फर्म मिलता है। हाइपरपिग्मेंटेशन को रोकने में भी मदद मिलती है संवेदनशील और



रूखी त्वचा पर यह स्किन केयर प्रोडक्ट काफी असरदार है। स्किन केयर प्रोडक्ट में शामिल इस प्रोडक्ट से मॉइश्चराइजिंग और हाइपोएलर्जेनिक स्किन मिलती है। 50 एसपीएफ सनस्क्रीन से काफी अच्छे रिजल्ट देखने को मिलते हैं। इससे रातों-रात थकी हुई त्वचा को नरम बनती है काफी अच्छे रिजल्ट देखने को मिलते हैं।

## कार्नर न्यूज

### हर साल बदल जाते हैं फैशन ट्रेंड, आपको जानना जरूरी

# शादियों के मौसम में पहनावा चुनना मुश्किल हो रहा तो पहले फैशन ट्रेंड जान लीजिए

दीवाली के बाद अब शादियों का मौसम आ रहा है। ऐसे खास मौके पर पहनने के लिए आपको कुछ खास कपड़े चुनने चाहिए। इन शादियों के साथ बहुत से त्यौहार भी हैं। छोटी दीवाली भी करीब है। अभी छठ पूजा का माहौल भी है। ऐसे खास मौके पर आपको क्या पहनना है, यह चुनना मुश्किल नहीं होना चाहिए।

### जानिए क्या है फैशन ट्रेंड

पुरुष और महिलाएं दोनों ही खास मौके पर नए कपड़े शौक से पहनते हैं। ऐसे में आपको मौजूदा समय में ट्रेंड कर रहे फैशन के बारे में जरूर जानना चाहिए। आप इसे अपनाकर त्यौहार और शादियों के खास मौके को और भी यादगार बना सकते हैं। पुरुष-महिलाओं के अलावा बच्चे और बुजुर्ग भी मौके को लेकर काफी उत्साहित रहते हैं।

### पुरुषों के लिए नेहरू जैकेट

त्यौहार और पार्टियों में नेहरू जैकेट किसी भी पुरुष के लुक को सहजता से निखार देता है। चाहे कुर्ता, लॉन्ग या शॉर्ट या फिर कैजुअल शर्ट के साथ पहना जाए, नेहरू जैकेट स्टाइल में तड़का लगाने का काम करता है। जो लोग कार्ड पार्टियों और समारोहों के लिए हल्के लेकिन फैशनेबल कपड़े पहनना पसंद करते हैं, उनके लिए शॉर्ट कुर्ते सबसे बढ़िया विकल्प हैं।

### कुर्ते को जींस, ट्राउजर या धोती के साथ पहन सकते हैं

इसके अलावा जांघ या कूल्हे के बीच तक की लंबाई वाले कुर्ते जींस, ट्राउजर या धोती के साथ आसानी से पहने जा सकते हैं। बॉटम वियर का चयन आउटफिट को निखारता है, जो बेहद कैजुअल से लेकर खास एथनिक तक हो सकता है। इसके अलावा पुरुषों के पास चिकनकारी कुर्तों का भी आप्शन भी मौजूद है।



### मौजूद हैं कई आप्शन

आज के बाजार में मौजूद आप्शन से आपके क़ुर्ते के साथ क्या जोड़ा जाये, इसका जवाब भी है। आप कुर्ते के साथ सलवार, जोधपुरी पैंट, पलाज़ो-स्टाइल पैंट या हमेशा खूबसूरत चूड़ीदार पहन सकते हैं। सोशल मीडिया पर पुरुषों के फैशन रील्स और ट्रेंडिंग वीडियो की भरमार है, ऐसे में त्यौहार और पार्टियों में आप अपनी सहूलियत के हिसाब से कपड़ों का चयन कर सकते हैं।



### महिलाओं के लिए हैं ये आप्शन

महिलाओं की बात करें तो त्यौहार और पार्टियों के मौके पर साड़ी के साथ स्लीवलेस ब्लाउज़ पहनना या लहंगे के साथ क्रॉप टॉप पहनना, क्लासिक लुक को आकर्षक बनाती है। चांदी और सोने के आभूषण दोनों ही महिलाओं के आउटफिट को निखारने के लिए तैयार हैं, जिसमें मांगटीका और झुमके से लेकर हार, चूड़ियाँ और अंगूठियों तक के विकल्प शामिल हैं।